खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

मुरादाबाद, रविवार 10 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 361 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है वोटों की डकैती: अखिलेश यादव पेज 2



रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास, एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खेल टाइम्स



ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई पेज 11



वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची बॉलीवुड

# उत्तराखंड: बादल फटने से हर्षिल में बनी झील

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू, 1000 टूरिस्ट और श्रद्धालुओं का रेस्क्यू
■ त्रासदी में मृतकों के परिजनों और टूटे घरों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये की सहायता मिलेगी

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में पांच अगस्त को बादल फटने के बाद हर्षिल में आई बाढ़ से यहां एक झील बन गई है। वहीं धराली गांव में मलबे में दबे लोगों को खोजने का काम शुरू हो गया है।

भीषण प्राकृतिक आपदा में फंसे कुल 343 लोगों को शनिवार 13.15 बजे तक सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है , अब तक 1000 टूरिस्ट-श्रद्धालुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है। इसके लिए सेना एडवांस पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल कर रही है। इससे खुदाई किए बगैर ही जमीन में दबे लोगों का पता लगाया जा सकता है। पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के नीचे एक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो तरंग भेजता है, जहां यह मिट्टी, पत्थर, धातु और हड्डियों को अलग-अलग रंगों के जरिये बताता है। इसके जरिये जमीन के नीचे 20-30 फीट तक फंसे लोगों या शवों की पहचान की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी -शेष पृष्ठ दो पर

## धराली में नुकसान का आकलन शुरू, दो-तीन दिन में होगा मुआवज़े का वितरण : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मकान, ज़मीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवज़े का वितरण भी शुरू हो जाएगा। श्री धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना है जिसे लगभग पूरा कर लिया गया है। साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है ताकि शेष मुआवज़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

## रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को कहा कि निजी रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने रॉकेट के प्रथम चरण के मोटर का सफल परीक्षण करने के साथ एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि स्काईरूट एयरोस्पेस के विक्रम-1 रॉकेट के पहले चरण कलाम 1200 मोटर का पहला स्थैतिक परीक्षण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसरो ने कहा कि यह विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की प्रणालियों के निर्माण एवं प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो आंदोलन के वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा कि हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

## दिल्ली के अस्पताल में आग लगने से एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के आनंद विहार इलाके में स्थित कासमास स्पेशलिस्ट अस्पताल में भीषण आग लग गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए। आग अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद 11 मरीजों को खिड़कियों का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और नजदीक के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में दोपहर 12.12 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाया।

## रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में देश का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। रक्षा उत्पादन का ताजा वार्षिक आंकड़ा 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है।

## आने-जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20% डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए रियायती राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत यात्रियों को 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करना, बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेनों का कुशल परिचालन सुनिश्चित करना है। यात्री जाने और वापसी यात्रा की बुकिंग एक साथ करने पर इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का फिर दावा

# गेम चेंजर साबित हुई एस-400 प्रणाली

बेंगलुरु, वार्ता



■ कहा- पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू सहित छह विमान मार गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया

**एयर चीफ** मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू विमान सहित छह विमान मार गिराए और इस सफलता तथा दुश्मन के आक्रमण को रोकने में एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चूंकि वे हमारे एयरबेस को निशाना बना रहे थे, हमने पूरे सोच-विचार के बाद निर्णय लिया कि हमें बिना और इंतजार किए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विमानों ने हमारी रक्षा प्रणाली को भेदने के प्रयास किया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन काम किया। हाल में खरीदी गई एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई। इस प्रणाली की रेंज ने लंबी दूरी के ग्लाइड बम जैसे उनके हथियारों से उनके विमानों को दूर रखा, वे उनका इस्तेमाल नहीं कर सके। श्री सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के पहले दिन 6-7 मई की रात हमारी हवाई रक्षा प्रणाली की सक्रियता के बावजूद पाकिस्तान के कुछ लंबी दूरी के हथियार हमारी रक्षा को भेदने में सफल रहे थे और कुछ बम हमारे सैन्य इलाकों के काफी करीब गिरे थे। एक बार भारत ने अपने सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों का उपयोग शुरू किया, तो दुश्मन के हमले बेअसर हो गए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख आक्रामक हथियार था ब्रह्मोस: डीआरडीओ प्रमुख

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था।

कामत पुणे में रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था। यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को यह बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।

# मां और सौतेली मां में अंतर गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कोर्ट ने कहा- पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इन्कार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने की। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पेंशन मामले में मां का जैविक मां होना जरूरी नहीं है। साल 2010 में वायुसेना ने अपीलकर्ता का विशेष पारिवारिक पेंशन का दावा खारिज किया था। मामले की अगली सुनवाई 18 सितम्बर को होगी।

## एयर इंडिया सिक्योरिटी ऑडिट मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से एयर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी।

# दिल्ली में तेज बारिश, दीवार गिरने से आठ की मौत

■ बारिश के चलते 100 फ्लाइट्स लेट, कुल्लू में बादल फटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। दिल्ली के जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने शनिवार को दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई।

# कुलगाम मुठभेड़: दो जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर, वार्ता



**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और अन्य दो घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ शनिवार को नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि घायल जवानों को सेना के श्रीनगर 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो जवानों की मृत्यु हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने दोनों जवानों की पहचान लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की है। चिनार कोर ने कहा कि चिनार कोर लांस नायक प्रीतपाल सिंह और जवान हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। भारतीय सेना गहरी संवेदना व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

# राहुल गांधी के समर्थन में उतरे पूर्व सीईसी रावत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा: फर्जी मतदाताओं के बारे में शिकायत का इंतजार नहीं, जांच करे चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** फर्जी मतदाता मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत का भी समर्थन मिल गया है।

पूर्व सीईसी का मानना है कि चुनाव आयोग को बेंगलुरु में फर्जी मतदाताओं के बारे में राहुल गांधी के आरोपों की जांच करनी चाहिए। इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब मैं वहां था, हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य प्रस्तुत करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने उनसे (पार्टियों से) पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता थे। उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा मतदाता, दो मतदान केंद्रों पर पंजीकृत था और उसने दोनों जगहों पर मतदान किया। कांग्रेस नेता ने मतदाता सूची के कुछ हिस्सों की स्लाइड्स दिखाते हुए कथित तौर पर बताया था कि एक ही मतदाता का कई बार पंजीकरण हुआ है, पते गलत हैं। एक कमरे वाले मकान में 80 लोगों का पंजीकरण हुआ है और महादेवपुरा के मतदाता दूसरे राज्यों में भी पंजीकृत हैं। इस विवाद के बारे एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में रावत ने कहा कि जब मैं वहां था, तो हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है, तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य पेश करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने पार्टियों से पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# धामपुर में जलभराव से हालात बेहाल

## जलभराव के मुद्दे पर सत्ताधारी खामोश, विपक्षियों ने मौन धारण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जल भराव का संकट पांचवें दिन भी जस का तस है। आसमान से बरसती बूंदें यहां के लोगों के लिए अब किसी अभिशाप से कम नहीं। रुक-रुक कर हो रही बारिश ने परेशानियों को दोगुना कर दिया है।

नगीना मार्ग स्थित केएम इंटर कॉलेज के बाहर हालात भयावह हैं। पानी में डूबे गहरे गड्ढों ने सड़क को मौत के जाल में बदल दिया है। बाइक सवार गिर रहे हैं, ई-रिक्शा पलट रहे हैं, थ्री व्हीलर धंस रहे हैं और चार पहिया वाहन जाम में फंसे हैं। कालागढ़ मार्ग पर हथकरघा भवन के बाहर तो नजारा और भी गंभीर है। लोगों को निकालने के लिए बैलगाड़ी और ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ रहा है। छोटी कारों के चालक पानी के तेज





बहाव को देखकर वापस लौट रहे हैं।

उधर नगीना चौक से दुर्गा विहार तक लंबा जाम लगा हुआ है। सड़क पूरी तरह पानी में डूबी होने के कारण पुलिस ने बैरिकेडिंग कर मार्ग को बंद कर दिया। इंस्पेक्टर राजेश चौहान और ट्रैफिक पुलिस मौके पर मौजूद हैं और जाम खुलवाने के प्रयास कर रहे हैं, मगर वाहनों की कतारें थमने का नाम नहीं ले रहीं।

लोग पूछ रहे हैं, इकडा की सफाई और अवैध कब्जा हटाने की मांग कब सुनी जाएगी? सत्ताधारी खामोश हैं, विपक्ष मौन व्रत में और जनता अपने हाल पर छोड़ दी गई है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** दो बाइकों की भिड़त में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

नांगल चंदक मार्ग पर गांव सौफतपुर के सामने दो बाइकों की आपस में टक्कर हो जाने से एक बाइक पर सवार पति पत्नी बब्लू और बबली निवासी गांवड़ी बुजुर्ग थाना कोतवाली शहर बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पति पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जबकि दूसरी बाइक पर सवार रियान निवासी गांव बाखरपुर थाना नांगल जिला बिजनौर मामूली घायल हो गए, जिसे नांगल से इलाज के बाद घर भेज दिया।

इस घटना में घायल बब्लू की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# हाईवे किनारे मिले शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सुमालखेड़ी के पास स्थित एक ढाबे के पास हाईवे किनारे एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। व्यक्ति पैदल चल रहा था जो अचानक गिर गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई और मामले की सूचना फोन पर पुलिस को दी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

शनिवार की सुबह करीब नौ बजे करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव सुमालखेड़ी एक ढाबे के पास सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।



पुलिस ने मृतक का फोटो सोशल मीडिया समेत अन्य व्हाट्सएप ग्रुपों पर वायरल किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार वह पैदल जा रहा था। उसकी मौत प्रथम दृष्टया हार्टअटैक व ब्रेन हेमरेज से होना प्रतीत लग रहा है।

# सिंचाई विभाग ने तटबंध सही कराया

### मजबूती के लिए की जाएगी पीचिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** चार दिन पूर्व टूटे गांगन नदी के तटबंध को सिंचाई विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद सही करा दिया है। तटबंध सही होने पर मोहल्ला नौधा व कासमपुर लेखराज की ओर जाने वाले पानी पर रोक लग गई है।

गौरतलब है कि नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन नदी पुल के निकट स्थित तटबंध चार दिन पूर्व शाम के समय पेड़ गिर जाने से टूट गया था। तटबंध टूटने पर आसपास की कॉलोनी व मोहल्ले में पानी घुस गया था। प्रशासन ने गांगन नदी के किनारे बसे गांव की ओर जलस्तर बढ़ने पर अलर्ट जारी कर दिया था। नहटौर



धामपुर मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया था। सिंचाई विभाग ने तटबंध को सही कराने के लिए कार्य शुरू कर दिया था। इसी दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, उप जिलाधिकारी रितु रानी, सिंचाई विभाग के एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने तटबंध का दौरा करके पालिका व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को तटबंध ठीक करने के दिशा निर्देश दिए थे। चार दिन से पालिका की टीम व सिंचाई विभाग की टीम ने युद्ध स्तर पर तटबंध को सही कराने के लिए कार्य किया। शनिवार को तटबंध का कार्यपूर्ण हुआ। एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने बताया कि तटबंध को सही करा दिया गया है। तटबंध की अधिक मजबूती के लिए मिट्टी के भरे कट्टों से पीचिंग की जाएगी।

# रक्षाबंधन पर बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही पुलिस

### पालिका ने की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व अत्यंत ही उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस दिन बाजारों मे मिष्ठान, राखियों व अन्य गिफ्टों की दुकानें सजी हुई थी।

रक्षा बंधन की पूर्व संध्या से ही बाजारों में अपने सामान की खरीदारी करने बहनों की भीड़ दिखाई दे रही थी। हालांकि प्रात: से ही देर सायं तक वर्षा होती रही, मगर वर्षा ने भी भाई बहनों के इस प्यारे पर्व मे बाधा नहीं बनी।

उधर रोडवेज बस स्टैण्ड पर बसों की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। हालांकि कुछ समय के लिये बसों का ठहराव रहा, लेकिन कुछ समय बाद सबकुछ ठीक हो गया। यातायात पुलिस ने मार्गो पर जाम नहीं लगने दिया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही और नागरिकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान की। आज के दिन कई स्कूल कालेजो के छोटे बच्चों ने पुलिस व रोडवेज स्टाफ को उनकी आज के दिन बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिये उन्हें पुष्प गिफ्ट दिये तथा राखियां बांधी, जिसके लिये उन्होंने सभी को बेहतर व्यवस्था बनाने पर थैंक्स कहा।

# भाईयों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी





### भाइयों ने बहनों को दिया सुरक्षा का वचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** भाई-बहन के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को सुरक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन पर इस बार भी भद्रा का साया होने के कारण बहनों को राखी बांधने के लिए दोपहर डेढ़ बजे तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। हिन्दू बहनों ने मुस्लिम भाइयों के राखी बांधी तो कई जगह मुस्लिम बहनों ने भी हिन्दू भाइयों के राखी बांधकर नगर की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। उधर सुरक्षा पर तैनात महिला कांस्टेबलों ने पुलिस कर्मियों व राहगीरों के राखी बांधकर पवित्र रिश्ते को मजबूत किया।

# अनीसानंगली में भाकियू की बैठक

### दो सदस्यों की सदस्यता रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम अनीसानंगली में भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संगठन से जुड़े अजीम खान स्योहारा और सुलेमान अनीसानंगली की बेटी मरजीना से संबंधित एक वीडियो पर चर्चा हुई। जिसमें दोनों पक्ष आपसी कलह में एक-दूसरे पर गंभीर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में अजीम खान मरजीना को अपनी पत्नी



बता रहे हैं जबकि मरजीना ने अजीम खान की पत्नी होने से साफ इंकार किया है। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया, जिससे संगठन की मर्यादा को ठेस पहुंची और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बैठक में मामले का संज्ञान लेते हुए कमेटी ने निर्णय लिया कि अजीम खान और सुलेमान दोनों की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। साथ ही संगठन ने स्पष्ट किया कि यह मामला पारिवारिक विवाद का है, जिसके समाधान के लिए समाज और कानून मौजूद है और संगठन इस संबंध में किसी भी प्रकार की सिफारिश नहीं करेगा।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने की। इस अवसर पर रामचरण सिंह, गजराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, शफीक अहमद, मलखान सिंह गुर्जर, धर्मवीर सिंह, शनि कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में भाई बहन के अटूट प्रेम व विश्वास का त्यौहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर बहनों ने भाईयों के घर पहुंचकर उनके हाथों की कलाईयों पर राखियां बांधी। भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट किये। बहनों ने भाई का तिलक कर प्रेम का प्रतीक राखी का धागा बांधा। रक्षाबंधन पर भाईयों के घर जाने के लिये सुबह से ही बसों सहित अन्य वाहनों में काफी भीड़ देखने को मिली। यहां हल्दौर, एजेंसी, झालू चौराहों, चांदपुर चुंगी आदि स्थानों पर वाहनों के कारण जाम की स्थिति रही लोग दो दो घंटे तक कतारों में लगे रहे। जिसके खुलवाने के लिए पुलिस को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुरक्षा की दृष्टि एसओ धीरज नागर, कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक, एसआई भरत सिंह आदि मौजूद रहे।




# नदियों के जलस्तर एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा

**बिजनौर।** जिला बिजनौर कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री किपिल देव अग्रवाल द्वारा जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ नदियों के जलस्तर एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत आदि कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए समीक्षा की गई। उन्होंने सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ के कारण जिन मार्गो और पुल की अप्रोचों को नुकसान हुआ है, तत्काल उसकी मरम्मत कराएं, जिससे और ज्यादा कटान को रोका जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं, वहां के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं और उनके लिए भोजन सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा उनके मवेशियों के चारे की भी समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की राजस्व, सिंचाई सहित अन्य विभागों द्वारा स्थापित बाढ़ चौकियों की सतत निगरानी की व्यवस्था की जाए और किसी भी आपातकाल स्थिति की सूचना तत्काल जिला मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जाए ताकि उसके अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जा सके और जान माल के नुकसान से आम लोगों को बचाया जा सके।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड:..**

है। 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने धराली में घटनास्थल का दौरा किया है और स्वास्थ्य विभाग ने वहां कैंप लगाए हैं। वे उत्तरकाशी जिला अस्पताल भी जाएंगे, जहां कुछ मरीज भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। धराली में 7 से 9 डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। 28 एंबुलेंस और बैकअप एंबुलेंस तैनात हैं। 15 में से 4 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। ज्यादातर लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और राहत-बचाव अभियान अगले 1-2 दिनों में पूरा हो जाएगा। धराली गांव में आपदा से जिनके घर पूरी तरह टूट गए या नष्ट हो गए हैं, उन्हें पुनर्वास या विस्थापन के लिए 5 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इसके अलावा, आपदा में जिनकी मौत हुई है, उनके परिवारों को भी 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शनिवार दोपहर एक बजे तक कुल 223 लोगों को धराली हर्षिल से आईटीबीपी मातली तथा 107 लोगों को चिन्यालीसौड़ हवाईपट्टी पर पहुंचाया जा चुका है।

**गेम चेंजर...**

कहा कि शुरू में दुश्मन की तरफ से बड़े पैमाने पर मोर्चा बंदी की जा रही थी, लेकिन जब हमारी तरफ से पहली मिसाइल दागी गई, तो अचानक हमने पाया कि मोर्चा बंदी गायब हो गई। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान का विवरण देते हुए वायुसेना प्रमुख ने बताया कि भारत ने दुश्मन के कम से कम पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा एक और बड़े विमान को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया जो संभवत: एलइन्ट (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस) या एईडब्ल्यूएंडसी (एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल) विमान था, जिसे करीब 300 किमी की दूरी से मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सबसे लंबी दूरी पर किसी लक्ष्य को निशाना बनाने का वाकया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मुरीद और चकलाला में पाकिस्तान के दो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, छह छोटे-बड़े रडार और लाहौर तथा ओक. ाला में दो सर्फेस टू एयर गाइडेड वेपन सिस्टम नष्ट कर दिए। सरगोधा और रहीमयार खान एयरबेस पर पाकिस्तान के दो रनवे को भी भारत ने नेस्तनाबूत कर दिया। इसके अलावा तीन हैंगर भी ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूद कर दिए गए। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि एक यूएवी हैंगर को तबाह किया गया।

**राहुल गांधी...**

के सूत्रों ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक रूप से एक ख़ास परिवार के सदस्यों की तस्वीर शेयर की, जिनके हाथ में मतदाता पहचान पत्र थे। इस परिवार को राहुल की फर्जी मतदाताओं की सूची में इसलिए शामिल किया गया था, क्योंकि इसके सदस्यों की तस्वीरें उनकी पार्टी को दी गई मतदाता सूची की प्रति में दिखाई नहीं दे रही थीं। एक्स पर एक पोस्ट में आयोग ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वो हर फ़र्ज़ी मतदाता के लिए शपथ लेकर और मतदाता पंजीकरण नियमों के तहत शिकायत दर्ज कराएं या फिर देश से माफ़ी मांगें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भी कांग्रेस से इस विवाद पर अपने ज्ञापन के समर्थन में दस्तावेज़ पेश करने को कहा है।

# भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है डकैती

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चुनाव आयोग वोटो की डकैती डालने में जुटा हुआ है।

अपने गृह जिले इटावा में रक्षाबंधन ने अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिल कर वोटों की लूट करने में जुटे हुए है। भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटो की डकैती की थी और वोटो का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अयोध्या और कुंदरकी के चुनाव में तय किया कि कौन वोट डालेगा और कौन नहीं। भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए, सपा के पास वीडियो है जिसमें एक एक आदमी ने छह छह वोट डाले, जबकि हमें लगता था कि चुनाव आयोग न्याय करेगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोटों की चोरी का मामला उठाने वाले सवालों पर



**पत्रकारवार्ता में बोले अखिलेश यादव**

अखिलेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव में यह चिंता रही है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा कि नहीं। सबसे बड़ा उदाहरण यूपी के उपचुनाव में देखने को मिला। बूथ चोरी तो छोटी चीज है। भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने डकैती की थी। वोटों का अपहरण किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान कि 2017 के बाद प्रदेश में अपराध कम हुआ है, यादव ने कहा कि सरकार को प्रदेश के टॉप टेन अपराधियों की सूची जारी करनी चाहिए और अगर सरकार अपराधियों की सूची जारी नहीं करती, जब तक सरकार खुद माफिया है।

# चुनाव हारते हैं कांग्रेसी, तो मढ़ने लगते हैं आरोप: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटरों के लगाए गए आरोपों पर बीजेपी ने कड़ा पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर बिना सबूत के चुनाव आयोग पर आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी देश की संवैधानिक संस्था पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी को पूरा देश नेता प्रतिपक्ष कम नेता अपरिपक्व अधिक मानता है। इससे अब ये साफ हो गया है कि अब वो विध्वंसक हो गए हैं।

फर्जी वोटर के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि आपको आरोप लगाने का अधिकार है, लेकिन मेरा सवाल ये है कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को धमकी देने लगे हैं? क्या एक नेता प्रतिपक्ष ऐसा कर सकता है, झूठ का कारोबार फैलाने के लिए राहुल



गांधी अनर्गल बयान दे रहे हैं। गैर जिम्मेदार राहुल लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं। भाटिया ने कहा कि ये लोग जब चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाने लगते हैं। ये आरोप लगाते हैं, लेकिन आधिकारिक रूप से शिकायत नहीं दर्ज कराते हैं। जब तथ्यों को लेकर जवाब मांगा जाता है कि शपथ पत्र दीजिए, तो कहते हैं वो मैं नहीं दूंगा। देश में अराज. कता, नफरत फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना किसी तथ्य के आरोप लगाने उनका काम है। बीजेपी ने कहा कि राहुल गांधी की मांग है कि उन्हें रीडेबल फॉर्मेट में वोटर लिस्ट दी जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बान नदी में डूबने युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के दिन बान नदी में नहाते समय युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जिससे परिवार में खलबली मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

प्रात समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर मिलक निवासी पारूल ठाकुर (30 वर्ष) बान नदी में नहाने गया था। पानी का जलस्तर ज्यादा होने से नहाते हुए वह गहरे गड्ढे में चला गया। जिससे वह डूब गया। जब काफी देर हो गई, तो वह वापस घर नहीं आया। परिजनों को उसके वापस न आने से फिक्र हुई और वह तलाश में निकल गए। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पारूल ठाकुर की तलाश के लिए परिवार के लोगों ने गोताखोरों को भी बुलाया। मगर उसका कुछ अता पता नहीं चल पाया है। बान नदी का जलस्तर फिलहाल काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। नदी के आसपास पशुओं को चरा रही महिलाओं ने घटना की सूचना परिजनों को दी थी। इसके बाद मौके पर सैकड़ों ग्रामीण पहुंच गए। युवक के डूबने से ग्राम में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने युवक को तलाश किया, मगर देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। परिजनों ने बताया है कि एक वर्ष पूर्व मृतक की पत्नी का बीमारी के चलते देहांत हो गया था। मृतक अपने पीछे दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। गौताखोर युवक की तलाश में जुटे हुए है। बान नदी में ज्यादा पानी होने से युवक को तलाश करना मुश्किल काम है। हर तरफ बरसात के पानी से नदी-नाले लबालब हो रहे हैं। नदियां का पानी खतरे के निशान से ऊपर है। युवक के डूबने से बहनों का रक्षाबंधन का पर्व मातम में बदल गया। बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने की इंतजार में बैठी हुई थी।

### बहनें नहीं बांध पाई कलाई में राखी, मचा कोहराम

### बान नदी में डूब गई बुग्गी, दो की मौत

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अहीरपुरा निवासी किसान छोटे सिंह बैल गाड़ी लेकर पशुओं के लिए चारा काटने गया था। चारा काटकर वापस लौटते समय नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी का बहाव तेज हो गया। जलस्तर बढ़ने से बैलों का नियंत्रण बिगड़ जाने से बैल बुग्गी तेज बहाव में बह गई। किसान ने बुग्गी से बंद को काटने का प्रयास किया। लेकिन चारा भरा होने के कारण बुग्गी बैल सहित डूब गई। हादसे में किसान के दोनों बैलों की मौत हो गई। हालांकि किसान ने पानी में तैर कर बामुश्किल अपनी जान बचाई। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नसीम अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्राम में पहुंच कर किसान के परिवार के परिवार के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की। हादसे की सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौका मुआयना किया। सपा नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, महासचिव देवेन्द्र यादव, शिव कुमार यादव आदि ने किसान को पांच लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है।

# यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी: डॉ. मनोज वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं एवं विशेषकर नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक चलाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है, इसका महत्व समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज कल जिस तरह से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, वह बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा बेहद जरूरी है। एक व्यक्ति से उसका पूरा परिवार जुड़ा हुआ होता है। अगर कोई व्यक्ति हादसे का शिकार होता है, तो उसका पूरा परिवार इससे प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि हादसे में मौत होने से नहीं, बल्कि गंभीर रूप से घायल होने से भी पूरे परिवार पर असर पड़ता है। परिवार आर्थिक व मानसिक रूप से टूट जाते हैं।

डॉ. वर्मा के अनुसार अगर किसी भी शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू व व्यवस्थित रखना है, तो सभी नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटनाओं में बदल सकती है। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा यातायात के नियमों का पालन करना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि दूसरों की जिंदगी की सुरक्षा के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि नाबालिगों को वाहन न चलाने दें। अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई अभिभावक इस मामले में लापरवाही दिखाते है और वह खुश होते है कि उनका बच्चा स्कूटी व बाइक चलाना सीख गया है। सड़कों पर यह बच्चे इतनी तेजी के साथ लहराते हुए बाइक व स्कूटी चलाते है कि उससे दूसरों के लिए भी खतरा पैदा हो जाता है। ड्राइविंग लाइसेंस बनने से पहले वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि जानलेवा भी है। उन्होंने कहा कि आजकल देखने में आ रहा है कि कम उम्र के लड़के बिना हेलमेट पहने दोपहिया पर 2-3 या 4 लोग बैठाकर तेज रफ्तार में सड़कों पर घूमते हैं। जिससे हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हेलमेट की अनिवार्यता पर डॉ. वर्मा ने जोर देकर कहा कि हेलमेट पहनना सिर्फ पुलिस से बचने का तरीका नहीं, बल्कि सिर और जिंदगी की रक्षा करने का सबसे सस्ता और प्रभावी साधन है। बिना हेलमेट पहने वाहन चलाना अपने जीवन के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि शहर में ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी। नियमों का पालन करने से पैदल यात्री, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर सुरक्षित रहेंगे। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा अगर हमारे मासूम बच्चे सुरक्षित हैं तो हमारा परिवार और समाज भी सुरक्षित है।

### जीवन अमूल्य है, इसका महत्व समझना चाहिए

# बसों का रहा टोटा, सरकार की घोषणा रही अधूरी

## रक्षाबंधन पर नहीं की गई बसों की पर्याप्त व्यवस्था, बरसात में भटकती रहीं महिलाएं व युवतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रक्षाबंधन के मौके पर भाजपा सरकार के द्वारा अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए की गई घोषणा का महिलाओं व युवतियों को कोई फायदा नहीं पहुंचा।

प्राप्त समाचार के अनुसार सरकार ने अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं व उनके साथ एक सहयात्री को नि:शुल्क यात्रा करने की छूट दी थी। तीन दिन के लिए दी गई इस छूट का महिलाओं व युवतियों को फायदा नहीं पहुंचा। क्योंकि सभी यूटों पर बसों की व्यवस्था नहीं की गई थी। बरसात के मौसम में बसों में बैठने के लिए महिलाएं व युवतियां मारी-मारी फिरती रहीं। बस आते ही भर जाती थी। बुजुर्ग व कमजोर महिलाएं उसमें सवार नहीं हो पाती थी। ज्यादातर लोगों ने इसी लिए अपने वाहनों से जाना पसंद किया। यात्रियों का कहना था कि सरकार को पहले बसों की अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए थी।





# रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक: जिम्मी



**बिजनौर।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को घेर राम बाग स्थित अशोक चौधरी व उनकी धर्मपत्नी समाजसेविका जिम्मी चौधरी के आवास पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ राखी बांधी गई और मिठाइयों का आदान-प्रदान हुआ। समाजसेविका जिम्मी सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन राखी के पवित्र धागे में बंधा प्रेम, भाई की सुरक्षा का वचन और बहन के स्नेह का आशीर्वाद जीवनभर साथ निभाता है।

इस मौके पर स्नेहलता, शुभम पंवार, गीता चौधरी, रितु, पम्मी और सुमन चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने आपसी प्रेम और भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती का संदेश देते हुए एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।



**जाम ही जाम ।** धामपुर में रक्षाबंधन के मौके पर नगीना चौराहे पर जाम लगा रहा। नगीना चौराहे पर अतिक्रमण काफी ज्यादा बढ़ गया है। जिसकी वजह से यहां पर जाम लगता है।

# जलभराव व जाम से रक्षाबंधन में खलल

## धामपुर में बारिश से बेहाल नागरिक, राखी की खरीदारी भी रही सुस्त, बहनें मायूस

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** रक्षाबंधन का पर्व जहां पूरे देश में भाईयों-बहनों के द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया जाता है, वहीं नगर में इस बार बारिश और जलभराव ने खुशियों में खलल डाल दिया। नगर के अनेक मौहल्लों में पानी भरने से बहनों का अपने भाइयों तक पहुंचना मुश्किल हो गया और कई भाई भी अपनी बहनों के पास नहीं जा पाए। आसमान से बरसती आफत इस शुभ अवसर पर भाईयों और बहनों के लिए खुशियां छिनने वाली बनकर आई।

पिछले कई दिनों से हो रही बारिश और नगर में जल निकासी की कमजोर व्यवस्था ने त्यौहार की रौनक को फीका कर दिया। खासतौर पर नगर की स्टेट बैंक कॉलोनी, मौहल्ला बड़वान, कालागढ़ मार्ग, नगीना मार्ग और अन्य निचले इलाकों में सड़कें पानी में डूबने से यातायात ठप रहा। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए। ई-रिक्शा और छोटे वाहन कीचड़ में फंसते नजर आए।

त्यौहार से पहले बाजारों में भी इसका असर साफ देखने को मिला। जहां बीते वर्षों में राखी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती थी, वहीं इस बार दुकानदार अपने ग्राहकों का इंतजार करते रह गए। व्यापारियों का कहना था कि जलभराव और जाम के कारण लोग खरीदारी के लिए बाजार नहीं पहुंच पाए। जबकि ऑनलाइन बिक्री ने पहले से ही पारंपरिक बिक्री पर असर डाल रखा है।

रक्षाबंधन के दिन दोपहर बाद नगीना चौराहे पर भारी जाम लग गया। चार पहिया और बड़े वाहनों की कतारें घंटों तक फंसी रहीं। स्थिति बिगड़ने पर कोतवाल राजेश चौहान को खुद सड़क पर उतरकर पुलिस टीम के साथ यातायात व्यवस्था संभालनी पड़ी। इस दौरान कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर मार्ग डायवर्ट किए गए। नगीना चौराहे से कालियावाला मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग भी सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद करना पड़ा।

नगर के लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि त्यौहार के समय प्रशासन की तैयारी कहां थी? रक्षाबंधन जैसे मौके पर भाई-बहन का मिलन भी बाधित हो गया। बाजारों में रौनक गायब रही और लोग घंटों तक पानी व जाम से जूझते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक हर बारिश के बाद ऐसी मुश्किलें दोहराई जाती रहेंगी।

दूसरी तरफ रक्षाबंधन पर एक अनोखा नजारा देखने को मिला। मौहल्ले में भारी जलभराव के कारण एक बहन राखी बांधने के लिए अपने भाई के पास तक पैदल या वाहन से नहीं पहुंच सकी। लेकिन भाई की कलाई पर राखी बांधने के जज्बे के आगे पानी भी दीवार न बन सका। बहन ने ट्रैक्टर के पीछे जुगाड़ बनाकर उस पर बैठकर भाई के घर तक का सफर तय किया। जब वह राखी बांधने पहुंची, तो मौहल्ले के लोग हैरान रह गए और बहन के इस जज्बे की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था भाई-बहन का प्रेम अगर सच्चा हो, तो सात समुंदर पार भी पहुंचा जा सकता है। हालांकि बहनें काफी मायूस थी। वह सवाल कर रही थी कि जल भराव की मौजूदा समस्या का असली गुनाहगार कौन है। आरिखरकार कैसे नगर में इतना जल भराव हो गया। जल भराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारी क्यों नहीं की गई। इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आगे चलकर मुसीबत बढ़ जाएगी।





## एक नजर

### कुश्ती में चंदक की बेटी ने जीता गोल्ड



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ के अंतर्गत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप आगरा में आयोजित की गई थी। जिसमें 65 किलोग्राम भार के बालिका वर्ग में भूमि सिंह ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इससे पूर्व भी 68 किलो भार बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुये ब्राउज मेडल जीत चुकी है। भूमि सिंह चंदक के समीप स्थित ग्राम किशनपुर की निवासी हैं। उसने चंदक की देव एकेड्मी में प्रशिक्षण लिया। वह भूमि अपने पिता राकेश पहलवान को अपना प्रेरणाश्रोत बताती। भूमि की कामयाबी से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी उसकी तारीफ कर रहे है।

### अफजलगढ़ में रक्षाबंधन की धूम



**अफजलगढ़।** भाई बहन के अटूट व पवित्र संबंधों को लेकर रक्षाबंधन के त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार के प्रतीक त्यौहार को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। बाजारों में रंग बिरंगी राखियों और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। रिमझिम बारिश भी बहनों के हौसलों को डिगा नहीं सकी। हिन्दू धर्म में रक्षाबंधन का त्यौहार लगभग पांच हजार वर्षों से भी पुराना है। इसका इतिहास महाभारत काल से जुआ हुआ है। इस संबंध में धार्मिक ग्रंथों में अलग-अलग प्रकार का मत है। यह त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर बहनें व्रत रखकर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत भाई की कलाई पर जब राखी बांधती है, तो वह उससे यही उम्मीद करती है कि वह हमेशा उसकी रक्षा करेगा। हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहेगा। इसलिए यह रक्षा-सूत्र उस हाथ पर बांधा जाता है, जो कर्म, संकल्प और शक्ति का प्रतीक होता है। इस अवसर पर बहनों ने जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढ़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में फ्री यात्रा सेवा की सौगात दी गई है। जिसको लेकर परिवहन निगम की बसों में भारी भीड़ रही, जबकि अधिकतर महिलाएं अपने निजी वाहनों से भी अपने भाइयों को राखी बांधने मायके पहुंची। सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही।

### राज खुलने पर महिला ने खाया जहर

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला चाहशीरीं बी-24 में किराए के मकान में रह रही एक महिला ने जहर खा लिया। उसे चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बब्बू के मकान में किराये पर रहने वाली महिला का पति मुम्बई में रहता है। महिला यहां अकेली किराये के मकान में रहती है। चर्चा है कि महिला का सराय इम्मा ग्राम में एक युवक से अफेयर चल रहा था, जिसका उसके पति को पता चल गया। इस संबंध में जब उसके पति ने महिला से बात की, तो उसने सब कुछ कुबूल कर लिया। पति ने उसके कुबूलनामे का वीडियो बना लिया। महिला ने उससे कह दिया कि मैं उसके साथ दोस्ती रखती हूं और अपना जिस्म भी सौंप चुकी हूं। पति ने भी उसकी पूरी बातों का वीडियो बना लिया। महिला को यह नहीं पता था कि उसके कबूलनामे की वीडियो बनाई जा रही है। वीडियो बनाने के बाद पति ने उसे वायरल कर तलाक देने की धमकी देते हुए महिला को बता दिया कि वह अब उसके साथ नहीं रह पाएगा। जिससे महिला के पैरों तले से जमीन निकल गई। उसने जहर खा लिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### युवती पर खूंखार कुत्तों का हमला

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम माननगर निवासी भोपाल सिंह सैनी की 18 वर्षीय पुत्री डॉली अपनी चाची कुसुम देवी सहित पड़ोस की कमलेश, संतोष आदि के साथ ग्राम के ही लाल सिंह के ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठ कर अफजलगढ़ शुगर मिल के पीछे स्थित खेत से पशुओं का चारा लेने गई थी। ट्रैक्टर खेत से कुछ दूरी पर खड़ा कर वह चारा काटने लगी। चारा काटने के बाद जब डॉली व अन्य महिलाएं अपनी-अपनी गठरी लिए ट्रैक्टर तक जा रही थीं, तो इसी बीच वहां घूम रहे कई खूंखार कुत्तों ने डॉली पर हमला बोल दिया। डॉली से कुछ आगे पीछे चल रही महिलाओं ने किसी तरह शोर मचा कर उसे कुत्तों से उसे छुड़ाया। डॉली के पिता भोपाल सैनी ने बताया कि कुत्तों ने डोली के जिस्म में कई जगह काट कर जख्मी कर दिया, जिसका स्थानीय चिकित्सक द्वारा उपचार कराया जा रहा है। क्षेत्र में गुलदार के साथ-साथ कुत्तों का आतंक भी कम नहीं है। पूर्व में भी अफजलगढ़ में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या काफी ज्यादा है। नागरिकों ने इन्हें पकड़वा कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

### सहसपुर में रही सुचारू व्यवस्था



**सहसपुर।** रक्षाबंधन पर चौकी इंचार्ज व डॉयल 112 ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप रखने के लिए विशेष निगरानी की। पुलिस विभाग की इस पहल से शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात सुचारु रूप से चलता रहा और लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस चौकी इंचार्ज यश देव शर्मा ने बताया कि त्यौहार के अवसर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों बस स्टैंड, जुमा बाजार आदि में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। पुलिस की इस पहल की लोगों ने सराहना की और कहा कि इससे त्यौहार के अवसर पर उनकी यात्रा आसान हो गई। पुलिस विभाग की इस विशेष पहल से शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहा। चौकी इंचार्ज यश देव शर्मा के द्वारा की गई विशेष निगरानी के कारण शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रही और दुर्घटनाओं में कमी आई। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के सख्त हिदायत दी। नगर पुलिस की इस पहल से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी। गश्त के दौरान सहसपुर चौकी प्रभारी यश देव शर्मा, कांस्टेबिल इस्लाम मलिक, रियात अली मलिक आदि स्टाफ मौके पर उपस्थित रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# हादसे में युवक की दर्दनाक मौत



## आरोपी मौके से फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। आरोपी वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शाहपुर जमाल निवासी विशाल (19 वर्ष) पुत्र सुंदर सिंह शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे के करीब घर से बाइक पर सवार होकर भूतपुरी की ओर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम शाहपुर जमाल में स्थित पुल के समीप पहुंची, तो अचानक किसी अज्ञात वाहन ने विशाल की बाइक में टक्कर मार दी। विशाल की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। विशाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुमित राठी व हल्का इंचार्ज मनोज कुमार ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक विशाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

उधर दूसरी तरफ विशाल की मौत को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। ग्रामीणों का आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

# नगीना देहात प्रभारी निरीक्षक लाइन हाजिर

## एएसपी बने सीओ सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसपी ने नगीना देहात प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। लापता युवक के बरामद नहीं होने और चोरियों का राजफाश में फेल होने पर कार्रवाई हुई है। नगीना देहात थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं और लापता युवक के बरामद नहीं होने के चलते एसपी ने नगीना देहात प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। शिवाला कलां थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान को प्रभारी निरीक्षक नगीना देहात बनाया गया है। निरीक्षक राजीव शर्मा का शिवाला कलां प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है।

जिले में सात थाना प्रभारियों का गैरजनपद में स्थानांतरण हैं। इनमें हल्दौर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला, शहर कोतवाल उदयप्रताप सिंह, नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, धामपुर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, अफजलगढ़ थाना प्रभारी सुमित राठी, हीमपुर दीपा थाना प्रभारी योगेश मावी और नहटौर थाना प्रभारी धीरज सिंह है। उन्हें स्वतंत्रता दिवस के बाद रिलीव किया जा सकता है। चूंकि गैर जनपद से स्थानांतरित हुए करीब दस निरीक्षक जिले में आमद करा चुके हैं। शिकायतों और कार्यशैली के आधार अन्य थाना प्रभारियों की भी कुर्सी छिन सकती है, या उनके थाना क्षेत्र में बदलाव हो सकता है। अंडर ट्रेनिंग आइपीएस गौतम राय को ट्रेनिंग के लिए जिले में पोस्ट किया गया है। उन्हें एसपी ने सीओ सदर बनाया है। सीओ कार्यालय आलोक सिंह को सीओ अफजलगढ़ बनाया गया है। सीओ राजेश सिंह को सीओ क्राइम व राकेश वशिष्ठ को सीओ कार्यालय बनाया गया है।

# नजीबाबाद में बढ़ रहा कांग्रेस का कुनबा

## कार्यकर्ताओं में नया जोश पैदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में कांग्रेस का कुनबा बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं में नया जोश देखा जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस की नजीबाबाद विधानसभा में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत समीक्षा बैठक आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, आरके सिंह व नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी सहित पूरी कमेटी के पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि आरके सिंह रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी ने किया। निवर्तमान प्रदेश सचिव अनीस विशाल अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा एक नए युग की शुरूआत हो गई है। संगठन सृजन अभियान के रूप में यह केवल एक अभियान नहीं है। एक व्यापक जन जागरण है। जिलाध्यक्ष हैनरीता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह सब एक ऐतिहासिक यात्रा के हिस्सेदार हैं। जहां संगठन की रीढ़ को फिर से सशक्त किया जा रहा है। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक इस अभियान का उद्देश्य केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना नहीं है, बल्कि उन युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों व आम जनता की आवाज को फिर से राजनीतिक केंद्र में लाना है। नजीबाबाद विधानसभा प्रभारी हाजी नसीम अंसारी ने संगठन सर्जन अभियान को मजबूत करने पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा नगर में सभी बूथों पर कमेटी बनाई जा रही है। इस मौके थाना हीमपुर के ग्राम प्रधान मौहम्मद अय्यूब ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

ब्लॉक अध्यक्ष विश्वमोहन, साहनपुर थाना अध्यक्ष मास्टर मकसूद, विधि विभाग के नगर चेयरमैन बिलाल एड., सिराजुद्दीन खां, हाजी हनीफ सिद्दीकी, अमजद सिद्दीकी, डॉ. मजहर आलम, महमूद कुरैशी, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, डॉ. भानु प्रसाद, सभासद फुरकान, डॉ. इलियास, दिलशाद, शेर अली, जफर आलम, शराफत चौधरी आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर शहर में कई जगह लगा जाम, घंटों परेशान रहे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बहनों के राखी बांधने के लिए भाइयों के घर जाने और बाजारों में खरीदारी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया।

नगर के कृष्णा टॉकीज चौराहा, थम्स अप चौराहा मालगोदाम तिराहा सहित डबल फाटक स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज पर लंबे समय तक यातायात ठप रहा। डबल फाटक फ्लाई ओवर ब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस की टीमें लगातार



जाम हटाने के प्रयास करती रहीं। लेकिन वाहनों की अधिक संख्या के कारण स्थिति सामान्य होने में समय लगा। कई वाहन सवारों को जाम पार करने में घंटों लग गए। नगर में जगह जगह जाम की स्थिति रही, जिससे राहगीरों के साथ वाहन स्वामियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रक्षाबंधन पर्व पर पुलिसकर्मी लगातार भीड़ नियंत्रित करने में लगे रहे, लेकिन त्योहार पर वाहनों के अत्याधिक दवाब के कारण जाम को खुलवाने के लिए पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# रक्षाबंधन के पर्व को लेकर नगीना में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रक्षाबंधन पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगीना में पुलिस बल मुस्तैद रहा। बहनों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था आदि को लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए। सीओ व थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त भी किया।

सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि महिलाएं घर से निकले तो सुरक्षित भाइयों को राखी बांधने जा सकें, इसके लिए पुलिस को अलर्ट किया गया है। पुलिस उन स्थानों पर है, जहां पर घटना की संभावना रहती है। जिन बाजारों में अधिक भीड़ रहती है वहां पर सादा कपड़ों में पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया गया है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। कई बार बाइकर्स और ऑटो गैंग भी महिलाओं के साथ वारदात करते हैं। इनकी धर-पकड़ के लिए अलग से टीम को लगाया गया है। अगर वारदात होती है तो थाना संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑटो और बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस की तैनाती की गई है।

ईगल मोबाइल और एंटी रोमियो स्क्वैड को भी लगाया गया है, जिससे किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा यातायात संचालन के लिए भी अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

# कटान कर रही धारा व बनैली नदी

## तटबंध बनाए जाने की मांग

**फिरोज बेग**

**रेहड़।** कालागढ़ स्थित पहाड़ों पर लगातार हो रही बरसात के चलते क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर जंगल में बनैली नदी और गांव घासीवाला में धारा नदी आबादी की तरफ कटान कर रही हैं।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह ने डीएम को पत्र लिखकर कटान रोकने के लिए दोनों नदियों के किनारे तटबंध अथवा स्टड बनवाए जाने की मांग की है। सरदार मलकीत सिंह ने बताया कि ग्राम केहरीपुर जंगल में



वादीगढ़ चौराहा से कालागढ़ मार्ग पर स्थित बनैली नदी के पुल की दक्षिण-पूर्व दिशा में नदी का पानी आबादी की ओर अत्यधिक कटान कर रहा है। दूसरी तरफ ग्राम घासीवाला में धारा नदी की धार कटान कर रही है। कटान के चलते छह अगस्त की रात्रि धारा नदी का पानी आबादी में आ गया था। पानी की रोकथाम के लिए पूर्व में अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर द्वारा धारा नदी को ग्राम की ओर जाने से रोकने के लिए कुछ स्थानों पर अस्थाई व्यवस्था करते हुए मिट्टी से भरे कट्टे व बल्ली लगाई गई थी। पचास मीटर लंबा कच्चा बंधा बनाया गया था, परंतु नदी के पानी में सब बह चुका है। सरदार मलकीत सिंह ने डीएम से बाढ़ की रोकथाम के लिए अविलंब कदम उठाए जाने की मांग की है।

दूसरी तरफ नदियों के द्वारा कटान करने से ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी पूर्व से योजना बना कर काम नहीं करते हैं। उनके द्वारा भ्रष्टाचार किया जाता है। उन्हें जान व माल के नुकसान की कोई चिंता नहीं है।

# हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

## बहनों की रक्षा का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रक्षाबंधन के मौके पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। जबकि भाईयों ने हर हाल में उनकी रक्षा तथा हरसंभव सहायता का संकल्प लिया। रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। सावन में मनाए जाने के कारण इसे सावनी या सलूनो भी कहते हैं। ज्यादातर बहनें राखी बांधने के लिए अपने भाईयों के घर पहुंचीं। साधन सम्पन्न लोगों ने अपने ही वाहनों से जाना पसंद किया। सड़कों पर बाइकों का रैला दिखाई दे रहा था। पूरा-पूरा परिवार बाइकों पर सफर करता दिखाई दिया। बहनें सज-धज कर भाईयों के घर



राखी बांधने के लिए गई थी। जिनके भाई दूर रहते है, वह खराब मौसम एवं सड़कों पर जल भराव की वजह से नहीं जा पाई। उन्होंने दूसरी तरह से रस्म अदायगी की। सक्षम भाई खुद बहनों के घर पहुंचे। रक्षाबंधन पर मिठाईयों की रिकार्ड बिक्री हुई। प्रचलित दुकानों के साथ-साथ बाजारों में व सड़कों पर अस्थायी दुकानें लगाकर लाखों रुपये की मिठाई बेची गई। नकली व मिलावटी मिठाई भी धड़ल्ले से बिकी। इससे पहले राखियों की रिकार्ड बिक्री हुई थी। नकली व दूषित मिठाईयों की बिक्री रोकने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया।

# रास्ते बंद होने के कारण कलाईयां रह गई सूनी

## भाईयों के पास नहीं पहुंच पाई बहनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त कई ग्रामों में भाई-बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन पर रास्ते बंद होने के कारण भाइयों की कलाइयां सुनी रह गई। कई ग्रामों का आवागमन बंद होने पर बहनें अपने भाइयों के घरों तक नहीं पहुंच पाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र में गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्राम फिरोजपुर, मंडोरी, सिजौली, हरगनपुर, सहानपुर नवादा, मुनीमपुर, अकबरपुर गारब आदि में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इन ग्रामों में आवागमन बंद है। पानी इन गांमों के चारों ओर फैला हुआ है। ग्रामीण दीपक कुमार, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, बलजीत सिंह, अजमेर सिंह, महिपाल सिंह, प्रदीप कुमार, पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह आदि ने बताया कि गांगन नदी के जल स्तर में धीमी गति से कमी आ रही है। लेकिन पानी अभी भी ग्राम के चारों तरफ फैला हुआ है। जिससे आवागमन बंद है। रक्षाबंधन पर्व पर बहनें भी उनके घर राखी बांधने नहीं आई है।

उधर गांगन नदी का पानी ग्रामों के चारों ओर व खेतों में होने के कारण पशुओं के लिए चारे की समस्या पैदा हो गई है। घरों में रखे भूसे से किसान काम चला रहे हैं। मौहल्ला छापेग्रान में पानी कम होने के कारण चार दिन बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हुई है।

# रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर/ताजपुर।** मूसलाधार बारिश के बीच बहन-भाईयों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन का पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों के हाथों की कलाई पर राखी बांध कर उनकी लंबी आयु की प्रार्थना की।

दिन भर मोटर साइकिलें व प्राईवेट बसों से लेकर रोडवेज बस में सवारियां खचाखच भरी हुई थी। रक्षा बंधन के त्यौहार पर सुबह से ही मिठाई खरीदने वालों की भीड़ लगी हुई थी। छोटी बड़ी गाड़ियों का एक किलोमीटर लम्बा जाम लगा हुआ था। सवारियों को गाड़ियों की जाम की वजह से पैदल चलना पड़ रहा था। नूरपुर शिव मंदिर मुरादाबाद रोड व ताजपुर पेट्रोल पंप से लेकर नई बस्ती तक जाम की स्थिति बनी हुई है।

लोग घंटों घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस दिन भर जाम को खुलवाने के लिए अपना पसीना बहाते नजर आ रही थी। रक्षा बंधन के त्योहार पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह वह चौकी प्रभारी राजवीर सिंह सुरक्षा की दृष्टि से जगह जगह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद थे।

# रोडवेज के यात्री रहे परेशान

## इधर से उधर भटकते रहे यात्री

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** रक्षाबंधन के मौके पर बसों की पर्याप्त व्यवस्था न किए जाने की वजह से यात्री इधर से उधर भटकते रहे।

रक्षाबंधन पर आज सुबह से ही यात्रियों की भीड़ रोडवेज बस स्टैंड पर जुटनी शुरू हो गई थी। स्थित यह रहीं कि यात्रियों को बसों में बैठने तक को जगह नहीं मिली। जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरकार ने इस बार भी महिलाओं के लिए रोडवेज में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। लेकिन रोडवेज बस स्टैंड पर व्यवस्थाओं का अभाव देखने को मिला। बसों में इतनी भीड़ थी कि लोग खिड़कियों से बच्चों को चढ़ाते नजर आए। रक्षाबंधन से पहले उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बसों के फैरे बढ़ाने और महिलाओं को परेशानी न हो, इसके लिए तैयारी की थी। लेकिन शनिवार को



जैसे ही बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए निकली, रोडवेज बस स्टैंड पर भारी भीड़ जमा हो गई। यात्रियों को घंटों तक बसों का इंतजार करना पड़ा। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रक्षाबंधन पर परिवहन निगम के नजीबाबाद डिपो ने अपनी साथ अनुबंधित बसों सहित 95 रोडवेज बसें यात्रियों के आवागमन के लिए लगाई थी। लेकिन शनिवार को सुबह से ही बस सेवा भारी भीड़ के चलते ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई।

भारी भीड़ को देखते हुए डग्गामार वाहन चाल. कों ने त्योहार पर मनमाना किराया वसूलना शुरु कर दिया। कोतवाली, नगीना, हरिद्वार, कोटद्वार, बिजनौर तथा आसपास के क्षेत्र के लिए संचालित होने वाले प्राइवेट वाहनों ने रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों से डेढ़ से दो गुना किराया वसूलकर मनमानी शुरु कर दी। डग्गामार वाहन न केवल अधिक किराया ही वसूल रहे थे। बल्कि वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे थे। वाहन चालकों को न तो अपनी जान की परवाह थी और न ही दूसरों की जिंदगी की फिक्र दिखाई दी।

## एक नजर

### चेयरमैन मुअज्जम ने किया उद्घाटन



**नजीबाबाद।** पालिका अध्यक्ष इंजी. मुअज्जम ने करूणा धाम आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि जिन लोगों का साथ परिवार के लोगों ने छोड़ दिया, ऐसे में इन मंदबुद्धि असहाय, गरीब, बेसहारा लोगों को करूणा धाम के लोग सहारा देकर बहुत बड़ा काम कर रहे हैं। इंजीनियर मुअज्जम ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व करूणा धाम के लोगों द्वारा आश्रम में रह रही महिलाओं, बच्चों को अपने परिवार की तरह देखभाल करने की भूरि-भूरि प्रशंसा की। करूणा धाम के स्टाफ, सिस्टर, सेंट मेरिज स्कूल के प्रबंधक जॉस वर्गीस ने इंजीनियर मुअज्जम का बुके देकर स्वागत किया। फादर वर्गीस ने कहा कि करूणा धाम में लगभग 60 बच्चे हैं, जिनमें कुछ लावारिस हालत में मिले हैं। कुछ को लोग सड़कों पर छोड़कर चले जाते है। इन लोगों को करूणा धाम में लेकर इनका लालन-पालन किया जाता है। इस मौके पर श्रीमती सोनू, अनुराधा माथुर, सिस्टर जैसलीन, एल्फों एन जोज, सुमन, लीना, स्वास्थ्य शिविर में डॉ. नितिन कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अरूण त्यागी, राहुल कुमार, सोशल वर्कर साक्षी सिंह राकेश जुनेजा, अजमल खान, हाशिम अंसारी, मोईन कुरैशी सहित करूणा धाम की सिस्टर व स्टाफ मौजूद रहा।

### अफजलगढ़ में रक्षाबंधन की धूम



**अफजलगढ़।** रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस मौके पर जहां बहनों ने भाइयों को राखी बांधी और मिठाइयां खिलाईं। वहीं कुछ ऐसी बहनें भी दिखीं, जिनके भाई नहीं हैं। लेकिन उन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भावनात्मक रूप से अपनी इच्छाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। इन बहनों ने अपने हाथों से सुंदर राखियां बनाईं और उन्हें उन बच्चों, सैनिकों या समाज के उन लोगों को समर्पित किया, जो उनकी नजर में रक्षक हैं। बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगे परिधानों में छोटे-छोटे बच्चों ने रक्षाबंधन के गीत गाए। समाजसेवी रीता शर्मा ने बताया कि यह पर्व समर्पण, संरक्षण और आपसी सद्भाव का प्रतीक बन चुका है।

### हादसे में पिता-पुत्री घायल



**शेरकोट।** देर शाम धामपुर से भनोटी जा रहे पिता पुत्री की बाईक खो बैराज के पास एक अन्य बाईक से टकरा गयी, जिसके चलते बाईक सवार रोशन सिंह (55 वर्ष) पुत्र सोना सिंह व उसकी पुत्री सपना (20 वर्ष) निवासी ग्राम भनोटी चोटिल हो गये। दोनों घायलों को थाना शेरकोट 108 एम्बुलेंस की सहायता से धामपुर भेजा गया।

### सहसपुर में बिक रही मिलावटी मिठाईयां

**सहसपुर।** स्थानीय बस स्टैंड पर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुद्ध मिठाई के नाम पर मिलावटी मिठाई की बिक्री की गई। नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ किया गया। वहीं जिम्मेदार लोगों का कहना था कि इतनी मात्रा में तो दूध नहीं मिलता, जितनी मात्रा में इन हलवाइयों ने रातों-रात मिठाईयां तैयार कर ली। नागरिकों का कहना है कि मिठाई की दुकानों पर छापे लगने चाहिए।

### पत्नी की आत्महत्या के मामले में सलमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने आज मौहल्ला चाहशीरीं में महिला के द्वारा जहर खा कर आत्महत्या कर लेने के मामले में उसके पति सलमान पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम सराय इम्मा, थाना किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया है। वादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सलमान उनकी बहन को परेशान करता था। जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली।

### चांदपुर में दाउद गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम बास्टा निवासी दाउद पुत्र गुलाम रसूल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दाउद ने दस अभियुक्तों के साथ मिल कर फर्जी दस्तावेज से जमीन हड़पने का प्रयास किया था।

### सैफाबाद में स्वदेशी कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन गांव-गांव जाकर स्वदेशी की अलख जगा रहे हैं। मंडावली के ग्राम सैफाबाद में स्वदेशी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रितेश सैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने। हम जिएंगे, तो स्वदेशी के लिए और मरेंगे तो स्वदेशी के लिए। हमारा देश सर्वोपरि है। भारत इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत इसका बाल बांका नहीं कर पाएगी। जिस तरह से अमेरिका ने हम पर टैरिफ लगाकर हमें धमकाने का काम किया है, हम सब देशवासी अमेरिका और उनके नेतृत्वकर्ताओं से कहना चाहते हैं कि हम भारत देश के निवासी हैं और हमें धमकी बर्दाश्त नहीं है। इसलिए हम सबको चाहिए कि हमें अपने देश के लिए स्वरोजगार से जुड़कर देश को परम वैभव पर ले जाना है और इसके लिए हर हाथ को काम मिलना आवश्यक है। जब हर हाथ को काम मिलेगा, तो देश की जीडीपी बढ़ेगी कोई व्यक्ति भूखा नहीं रहेगा। सनातन धर्म की यह पराकाष्ठा रही है कि हम सब एक रहे एकजुट रहे और हम किसी भी व्यक्ति से भेदभाव न रखें। आज यही हो रहा है इसीलिए कुछ वर्ग विशेष के लोग और कुछ विदेशी इस पराकाष्ठा को पचा नहीं पा रहे हैं। कार्यक्रम में मनोज राठी, चौधरी नवबहार सिंह, चरण सिंह, शाकिर, अब्दुल रशीद आदि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**नजीबाबाद।** एकल अभियान की आचार्य बहनों द्वारा हर वर्ष रक्षाबंधन का पर्व उन भाईयों को राखी बांधकर मनाया जाता है, जो अपने दायित्व को निभाते हुए अपने घर नहीं जा पाते। इसी क्रम में साहनपुर की पुलिस चौकी पर अपनी ड्यूटी कर रहे भाईयों को राखी बांधकर रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी समय पाल सिंह (पूर्व नौसैनिक) सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वहीं एकल अभियान की ओर से पूर्व नौसैनिक रविंद्र काकरान, दया पांडा, सरोज, सो. निका, वर्षा, करूणा, अनीता आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

## डीएम ने सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बंध में ली ऑनलाइन बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाये जाने के लिए सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेना. नियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं आर्कषक तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 13, 14 व 15 अगस्त को आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जाए उसके बाद ही साफ-सुंदर भवनों पर तिरंगा फहराया जाए। उन्होंने कहा कि झंडा संहिता का पालन सुनिश्चित करें, प्लास्टिक के झंडे का प्रयोग न हो। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को प्रात: 9:00 बजे तिरंगा रैली निकल जाएगी, जिसमें पर्यावरण तथा वृक्षारोपण जागरूकता के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाएगा। प्रात: 10:00 बजे शाम 4:00 बजे विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन किया जाएगा। रात 7:00 बजे से जनपद के सरकारी भवनों तथा नगर के मुख्य चौराहों को प्रकाशमय तथा रात्रि 7:30 बजे से स्थानीय इंदिरा बल भवन में रोटरी क्लब द्वारा आजादी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 15 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा प्रात: 8:00 बजे सरकारी कार्यालय में झंडा रोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त होने वाली गाइडलाइन के अनुसार ही सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वजा रोहण का कार्यक्रम प्रात: 08:00 बजे आयोजित होगा, राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुड़ियां बांधकर उसे फहराया जाएगा। झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निर्पेक्षिता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को शक्तिशाली बनाने पर जोर दिया जाएगा तथा लोगों को परम्परागत एकता प्रदर्शित करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। प्रात: 8:30 बजे एन.ए. पाशा द्वारा जादू शो कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों/ प्राचार्यों को निर्देश दिए कि संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूर्ण हर्षोल्लास और परम्परागत रूप से मनाया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर कॉलेज व स्कूलों मे विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाए और रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्वतंत्रता सेनानियों से जुडे सभी स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही उन स्थलों का सौंदर्यीकरण कर वहां प्रकाश की व्यवस्था करें।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मान, वृक्षारोपण कार्यक्रम जिले के समस्त कार्यालयों में व चयनित अन्य स्थान पर वृक्षारोपण, मिष्ठान एवं फल वितरण जिला कारागार एवं कुष्ठ आश्रम, सीएचसी व पीएचसी सहित सरकारी चिकित्सालयों में उपरोक्त समस्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकारा यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जर्जर लिंक रोड को बनवाने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गांव की जर्जर लिंक रोड से त्रस्त व बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर स्थित गांव की लिंक रोड पूरी तरह से तालाब बन चुकी है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। बारिश में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज ग्रामीणों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन से मांग की कि गांव की लिंक रोड को जल्द बनवाया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन करने वालों में राहुल, नितिन, सुरेंद्र, संदीप, जाकिर, सौरभ, लवी, सचिन, सुरेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### डीएम ने दी बाढ़ से नुकसान की जानकारी

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने जिले में खराब मौसम से 24 घंटे में हुई जन हानि, पशु हानि तथा मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए बताया कि तहसील बिजनौर में सर्पदंश के कारण एक व्यक्ति घायल, धामपुर में पानी में डूबने से दो पशु की मृत्यु तथा सभी तहसीलों में कुल 68 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित शिविरों एवं लोगों को बिजनौर नजीबाबाद एवं चांदपुर में 800 खाद्यान्न किटों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी खतरे के निशान से 70 सेमी नीचे तथा खो नदी खतरे के निशान से 90 सेंटीमीटर नीचे प्रवाहित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज प्रात: 9:00 बजे गंगा नदी के जलस्तर एवं डिस्चार्ज की स्थिति गंगा नदी 219.30 (मी.)/188810 क्यूसेक तथा खो नदी 224.35 (मी.)/13786 क्यूसेक रही। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बाढ़ प्रबंधन तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम इमरजेंसी ऑपरेशन संचालित है जिसका दूरभाष नंबर 01342-262295 तथा 01342-263031 है जो 24 घंटे संचालित रहता है, जिस पर क्रमवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर कुल पांच बाद नियंत्रण कक्ष स्थापित हैं तहसील बिजनौर का दूरभाष नंबर 01342-264048 तहसील धामपुर 01344-230035 तहसील नगीना 01343-250269 तहसील नजीबाबाद 01341-220419 तथा तहसील चांदपुर में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01345-220521 है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी नंबरों पर बाढ़ से संबंधित कोई भी सूचना अथवा समस्या के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है, जिस पर जिला अथवा तहसील प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### तिरंगा यात्रा की रूपरेखा बनाई



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी नगीना मंडल के आगामी कार्यक्रमों व तिरंगा यात्रा के संदर्भ में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल ने व संचालन महामंत्री पंडित सचिन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अजीत अग्रवाल ने 13 -14 अगस्त को अपने आसपास स्थित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने आसपास रहने वाले सैनिकों व सैनिको के परिजनों को सम्मानित करने की बात कही। इसके अलावा नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तय कराई। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, पंकज चौहान, अनुज वर्मा, सोहन सैनी, मंडल मंत्री जितेंद्र राठी, हरमीत मल्होत्रा, अतुल भारती, इंदु ठुकराल पूर्व मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, कोषाध्यक्ष सरिता विश्नोई, जितेंद्र सैनी, मोहित गर्ग, तिलक राज, इमरान, अमन, जनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्योहारा में तिरंगा यात्रा 12 को



**स्योहारा।** भाजपा मंडल स्योहारा द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दीप सौरभ सदस्य हिंदुस्तानी अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार रहे बैठक में मंडल महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा संयोजक जयपाल सिंह ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने सभी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी और समय पर पालन करने का आह्वान किया मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ ने बूथ अध्यक्षों को तिरंगा यात्रा के प्रति उत्साहित किया और कहा कि यह कार्यक्रम देशभक्ति व एकता का प्रतीक है। वही व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित वर्मा ने कहा है कि तिरंगा यात्रा और हमारे राष्ट्रीय तिरंगे से देश की एकता और अखंडता महसूस होती है। हमें अपने देश की एकता को मजबूती देते हुए तिरंगे को प्रमुखता देनी है। अमित कुमार वर्मा ने बताया है कि यह तिरंगा यात्रा 12 अगस्त को रामलीला ग्राउंड से निकल जाएगी है। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, वीरांगना उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार, महेंद्र सैनी, दिपांशु, अमित वर्मा, शरणजीत जोशी, बलराम जोशी, संतोष सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईटीआई में एडमिशन के लिए चतुर्थ चरण की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए तीन चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत भी कुछ संस्थान में कुछ ट्रेड की सीट अभी रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रवेश प्रक्रिया जारी की गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन ऑनलाइन किया था, किंतु अभी तक उनका किसी भी संस्थान हेतु चयन नहीं हो पाया है वे अब रिक्त रह गई सीटों के सापेक्ष अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन हो गया था किंतु वह किन्हीं कारणवश प्रवेश नहीं ले पाए थे, वह भी अब रिक्त रह गई सीटों पर विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया था। अब नया आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। सीटों का विवरण www.scvtup.in पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने पूर्व आवेदन में विकल्प परिवर्तन तथा नए आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा दी गई।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को बैठक

## कार्यकर्ताओं की टीमें की गई गठित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर मे गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के झालू मंडल के मंडल संयोजक विकास अग्रवाल रहे। साथ ही भाजपा के सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शुक्रवार की शाम कस्बा झालू मे गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिंकी गुप्ता व संचालन सोनू प्रधान ने कि। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टीम गठित की गई।

मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल ने कहा कि हमें इस अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा सौंपे गए सभी दायित्व को मुख्य रूप से निभाना है। उन्होंने तिरंगा अभियान के लिए सभी जरूरी दिशा निर्देश पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए। मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, एकता और संगठन का प्रतीक है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित चौधरी ने अपने भाषण में कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा पूरे जोश के साथ कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में जुट जाने का आह्वाहन किया। भाजपा नेता शिवम् एडवोकेट ने कहा कि हमारा देश सर्वोपरि है, उन्होंने अमेरिका से आयात करके आई वस्तुओं का उपयोग न करने की सलाह दी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी की टीम, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन

## हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्य धाम धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय श्री शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया है। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातनी परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की भगवान भोलेनाथ के चरणों से कामना की।

कार्यक्रम में समर्पित एवं निष्ठा पूर्ण योगदान देने वाले भगवान भोलेनाथ के अनेक भक्तों को पटके पहना कर सम्मान भी प्रदान किया गया। धर्मशाला परिसर में आयोजित सामूहिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमान धर्मशाला की प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार रस्तोगी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन रानी रस्तोगी, प्रतीक रस्तोगी एवं शिवांगी रस्तोगी, प्रियांशी रस्तोगी, आशीष रस्तोगी, अयांश रस्तोगी, अद्विक रस्तोगी आदि रहे जबकि अन्य यजमानों की भूमिका योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट एवं दीपा रानी शर्मा, अनिल कुमार चौहान एवं सरिता सिंह चौहान, लोकेंद्र कुमार शर्मा एवं शारदा शर्मा, नीरज बिंदल एवं अमृता बिंदल, अजय नंदन एवं प्रगति नंदन, रोशन कुमार बिंदल एवं राजरानी बिंदल, सहदेव चौधरी एवं सविता सिंह, पंकज कुमार एवं रुक्मिणी देवी, अशोक कुमार शर्मा, वीके शर्मा, नरेश कुमार, आनंद सिंह सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार चौहान, मास्टर घसीटा सिंह चौहान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेंद्र पाल सिंह, राजीव कुमार दीक्षित आदि सहित अनेक श्रद्धालु परिवारों ने प्रदर्शित की। पूजन एवं सामूहिक हवन यज्ञ कार्यक्रम कथा वाचक आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज के संरक्षण में देव मंदिर शिक्षक बिहार के पुजारी पंडित रविकांत वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। कार्यक्रम में जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के दरबार के समर्पित सेवक योगेंद्र चौहान को उनकी प्रभावी गायन कला के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया पटका पहनाकर पारंपरिक जयकारों की गूंज के बीच सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान वातावरण ओम नम: शिवाय के सामूहिक जाप एवं हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश भगवान तथा कार्तिकेय भगवान को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की गई, जिसमें टीचर्स कॉलोनी और धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर कथावाचक आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों में श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वह 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत श्रवण की गई कथा को अपने जीवन में स्थान दिलाने तथा उसका अनुसरण चिंतन और मनन करने का भी संकल्प लें। समूचे कार्यक्रम को सफलता दिलाने में टीचर्स कॉलोनी के सभी प्रमुख सनातन परिवारों तथा धामपुर के अनेक श्रद्धालु परिवारों का समर्पित योगदान रहा।

# महिला कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद किरतपुर में शुक्रवार को बंधन स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पालिका कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर उन्हें स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया।

राखी बांधने के उपरांत सफाई मित्रों ने बहनों को स्वस्थ जीवन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। मेघा गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन को भावनात्मक रूप से जोड़ना है। बल्कि सफाई कर्मियों के सम्मान और मनोबल को भी बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में पालिका की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के साथ प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, बाबूराम, ज्ञानेश्वरानंद, रिजवान ठेकेदार, प्रेम कुमार, मो. नासिर, सुरेंद्र कुमार, प्रशांत समेत समस्त पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

# तिरंगा यात्रा सकुशल संपन्न कराने को भाजपा कार्यकर्ताओं की योजना बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता एवं महामंत्री सचिन देशवाल के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री तरुण राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की योजना के अनुसार दस अगस्त को भागूवाला मंडल के साहनपुर स्थित अमर शहीद स्व. अमित सिंह की समाधि से भव्य तिरंगा यात्रा साहनपुर में होते हुए भुईयार धर्मशाला पर संपन्न होगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की गई। तिरंगा यात्रा के संयोजक सचिन देशवाल, सह संयोजक डॉ. मयंक चौहान तथा नवबहार सिंह की देखरेख में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सब तिरंगा यात्रा में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में अपनी अपनी भूमिका में शीर्ष नेतृत्व के योजना अनुसार कार्य करें ताकि तिरंगा यात्रा व आगामी कार्यक्रम सब कुशल संपन्न हो सके।

चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, रोहिताश सिंह नरपाल सिंह, नवबहार सिंह, राजकुमार प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा, वरुण कौशिक, कपिल राजपूत, डॉ. मयंक चौहान, नीरज कुमार, निखिल कुमार, संजीव राठी आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## थाना प्रभारी की सतर्क निगरानी से दिखा प्रशासनिक अनुशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** श्रद्धा, आस्था और समर्पण के प्रतीक सावन माह में आयोजित कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी स्योहारा क्षेत्र में पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। इस सफलता के पीछे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कर्तव्यनिष्ठ नेतृत्व और पुलिस टीम की दिन-रात की मेहनत जिसने न केवल कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा बल्कि हर कांवड़ यात्री को सुरक्षा और सहयोग का पूर्ण विश्वास भी दिलाया।

अमित कुमार के नेतृत्व में न केवल व्यवस्था चुस्त रही बल्कि समाज के हर वर्ग को यह संदेश भी मिला कि पुलिस केवल सख्ती की प्रतीक नहीं बल्कि सुरक्षा सहयोग और सम्मान की संवाहक भी है। उनके कार्यकाल में अपराधियों को सख्त संदेश मिला कि अपराध के लिए अब कोई जगह नहीं। वहीं आम नागरिकों को विश्वास और सम्मान का माहौल भी प्राप्त हुआ। स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने थाना प्रभारी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रशासनिक सतर्कता और संवेदनशीलता से ही समाज में विश्वास और शांति का माहौल बनता है। कांवड़ यात्रा में तकनीकी निगरानी को भी प्राथमिकता दी गई। प्रमुख मार्गों पर ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की सहायता से हर गतिविधि पर नजर रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की शरारत या अव्यवस्था को समय रहते रोका जा सकता था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सिर्फ प्रशासन ही नहीं बल्कि स्थानीय युवाओं, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। जगह-जगह पर जलपान, विश्राम और प्राथमिक चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की गई, जिससे यह यात्रा न केवल सुरक्षित बल्कि सुविधाजनक भी बनी रही। युवाओं की इस सहभागिता ने यह साबित किया कि जब समाज और पुलिस एक साथ चलें तो हर चुनौती आसान हो जाती है।

# स्योहारा में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक और प्रेम, त्याग तथा स्नेह का संदेश देने वाला पवित्र पर्व रक्षाबंधन नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास और पूर्ण शांति के माहौल में मनाया गया।

सुबह से ही बहनों में अपने भाइयों को राखी बांधने और उनके लंबे जीवन व सुख-समृद्धि की कामना करने का उत्साह देखने को मिला। घर-घर मिठाइयों की मिठास और राखियों की खुशबू से वातावरण भक्तिमय और पारिवारिक प्रेम से सराबोर रहा। रक्षाबंधन का यह दिन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि समाज में आपसी भाईचारे सम्मान और एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अपने स्नेह का भरोसा दिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और सम्मान का वचन दोहराया। इस पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा व अन्य लोगों ने भी बहनों से अपनी कलाई में राखी बांधकर उन्हें सुरक्षा एवं प्यार का विश्वास दिलया। इस अवसर पर नगर में किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ या यातायात बाधा न हो, इसके लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। मुख्य चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की उचित तैनाती की गई। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था की गई, जिससे कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनी। लोगों ने खुले दिल से इस व्यवस्था की सराहना की और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया कि उनकी सतर्कता से पर्व बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ।

# ग्राम पंचायतों में लगेंगे जागरूकता कैम्प

**बिजनौर।** जिला अग्रणी जिला प्रबन्धक अखिल कुमार सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय, भारत सरकार भारत द्वारा 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि हेतु जन सुरक्षा अभियान चलाया गया है। इस अवधि में बैंकों द्वारा उनके सेवा क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राहक जागरूकता / जन जागरूकता कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से आम जन को उनके बैंक खातों को सक्रिय बनाये रखने के लिये केवाईसी अपडेट कराने, जिन लोगों का अभी तक बैंक खाता नही है उन्हें जनधन खाते खुलवाने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन / पंजीकरण कराने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे अपने नजदीकी ग्राम पंचायत कैम्प अन्यथा जिस बैंक शाखा में उनका खाता है वहां केवाईसी तथा नॉमिनेशन करायें ताकि उनका खाता सक्रिय बना रह। उन्होंने बताया कि सभी पात्र बैंक खाताधारक, जिन्होंने अभी तक उपरोक्त जनसुरक्षा योजनाओं में नामांकन/पंजीकरण नहीं कराया है वे इन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठायें।

# पुक्खेवाला में गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम पुक्खेवाला मे मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया।

गन्ना समिति अफजलगढ़ के द्वारा व द्वारिकेश चीनी मिल एवं गन्ना विकास परिषद अफजलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पुक्खेवाला मे गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मृदा ऊर्वरता प्रबंधन एवं खेत की तैयारी करना, खेत की मिट्टी को ट्राईकोडर्मा से शोधित करना, लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने, बुआई से पहले बीज गन्ना शोधन अवश्य करने, शरद काल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में को. 0118, को.लख. 14201, 16202, को.शा. 13235, 17231, 18231 गन्ने की बुआई करने, शरद काल में लाइन से लाइन की दूरी चार फीट पर ट्रेंच विधि से बुआई करने, गन्ने को गिरने से बचाने के लिए गन्ने की बंधाई करने, इस समय गन्ने के खेतों में बेल उग आती है, समय समय से इसकी इसको खेत से निकालते रहने, को. 0238 के खेतों में लाल सुरंग रोग से बचाव के लिए प्रति एकड़ ड्रोन द्वारा 200 मिली एजो डीजो, 200 मिली एमिडा एवं 500 मिली लीफ के साथ (प्रति एकड़) पन्द्रह दिन के अंतराल पर दो बार पर्णीय छिड़काव अवश्य करवाने आदि बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। गोष्ठी मे कृषकों से सरकार द्वारा संचालित पंचामृत योजना कि चर्चा कि गई, पंचामृत योजना के सभी अवयव, ट्रेंच, सहफसली, ड्रिप इर्रिगेशन,रटून मैनेजमेंट, ट्रेश मलचिंग बिधि से गन्ने कि खेती करने से कृषकों की आय दुगुनी करने मे सहायक सिद्ध हों रही है। गन्ना समिति सचिव ने कृषको से अपील की, कि समिति स्तर पर स्थापित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध, एम बी प्लॉउ, आरएमडी, पावर स्प्रेयर, चीजलर एवं मलचर आदि कृषको को आसान किराये पर उपलब्ध है, उसका लाभ उठा सकते है।

# बहनों ने लिया रक्षा का वचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहन भाई का अटूट प्यार व विश्वास का पर्व रक्षा बंधन पर भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने को प्यार उमड़ पड़ा। बसों ओर अन्य वाहनों से भाईयों के द्वार पहुंची बहनो ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अटूट प्यार व विश्वास का पर्व रक्षा बंधन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बहनो ने भाईयों की कलाई पर राखियां बांधकर लम्बी आयु की कामना की और रक्षा का वचन लिया, वही भाईयों ने बहनो को उपहार भेंट कर प्यार का इज़हार रक्षा का वचन दिलाया।

भाई बहन के अटूट विश्वास और प्रेम के पर्व रक्षा बंधन पर बहनों का भाई के प्रति प्यार उमड़ पड़ा। बहने रक्षा सूत्र लेकर भाईयों के द्वार पहुंची बहनों ने भाई की कलाई पर बांधकर न केवल रक्षा का वचन लिया बल्कि माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना भी की। दूर दराज क्षेत्रों में रहने वाली

**○भाईयो ने उपहार देकर मज़बूत की रिश्तों की डोर**

**○देर सांय तक चला सिलसिला**

बहनो ने इस अटूट बंधन को निभाने में कोई कौर कसर नही छोड़ी। बहने रोडवेज़ बसो में सवेरे ही अपने पिया का आंगन छोड़ भाई के आंचल में पहुंची। जबकि भाईयों ने बहनों को रक्षा का वचन देकर पतंगबाजी का जमकर आनन्द लिया। पुराणों से लेकर इतिहास तक एवं वर्तमान स्वरूप में रक्षा बंधन का पर्व रक्षा का दायित्व बोध कराने के लिए मनाया जाता है। सुबह से ही बहनें अपने-अपने भाईयों के यहां विभिन्न संसाधनों से पहुंची। भाईयों का बहन के प्रति अटल प्यार और विश्वास के रक्षा बंधन के पवित्र पर्व भाईयों की कलाई पर रखी बांधकर भाई के साथ अटूट व विश्वास के पर्व रक्षा बंधन को ओर मज़बूत किया। वहीं दूर-दराज़ इलाकों से पहुंची बहनों को भाईयो ने राखी बंधवाकर सुरक्षा का विश्वास दिलाया और आकृषक व मनपसंद उपहार देकर अटूट प्यार व विश्वास को और पक्का किया। राखी बंधवाने का सिलसिला देर सांय तक जारी रहा।जगह-जगह बहना ने भाई की कलाई पै प्यार बांधा है,भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना आदि गाने बहन-भई के प्यार की डोर को ओर भी मजबूती प्रदान कर रहे थे। इस दिन घर में विभिन्न प्रकार के व्यजंन बनाए गए। मिष्ठान भी खिलाया गया। रक्षा बंधन पर्व पर बहनों के आने और जाने का सिलसिला सुबह से लेकर देर सांय तक जारी रहा।

# हिंदू भाईयों ने लिया मुस्लिम बहनों की सुरक्षा का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भले ही अलग-अलग धर्म के लोगों में असमानता हो,लेकिन रक्षा बंधन पर्व पर किसी तरह की खटास अथवा खाई दिलों में नही दिखायी दी। रक्षा बंधन पर्व पर मुस्लिम बहिनों ने हिंदू भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की ओर रक्षा का वचन लिया।

देश भर में जहां हिंदू भाईयों ने राखी बंधवाकर बहन को रक्षा का वचन दिया, वहीं मुस्लिम बहिनों ने भी हिंदू भाईयों से कलाई पर राखी बधंवाकर अटूट प्रेम का विश्वास दिलाया। भाईयों का बहन के प्रति अटूट प्यार और विशवास रक्षा बंधन के पवित्र पर्व पर मुस्लिम बहिनों का हिंदू भाईयों के साथ

**हिंदू भाईयों के घरों पर पहुंचकर राखी बांधकर साम्प्रदायिक एकता की डोर को ओर किया मजबूत**

प्यार व विशवास जमकर उमड़ा। साल भर भाईयों की कलाई पर रखी बांधकर रक्षा का वचन लेने का इंतेज़ार करती मुस्लिम बहनों ने हिंदू भाईयों के घर पर जाकर अटूट प्रेम के प्रतीक राखी बांधकर नारी शक्ति की रक्षा का वचन लिया, जबकि मज़हब और किसी तरह के साम्प्रदायिक विवादों से अंजान मुस्लिम बहिनों ने रक्षा बंधन पर्व पर दूर-दराज़ इलाकों पर पहुंचकर हिंदू भाईयों की कलाई पर रखी बांधी। भाईयों ने भी बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया।



बबराला- रक्षाबंधन पर्व पर नन्हे भाई को रक्षा सूत्र बांधती बहनें। शाह टाइम्स

## मिष्ठानों की दुकानों पर रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रक्षाबंधन के दिन बहन भाई के माथे पर तिलक करने के बाद उसकी कलाई पर राखी बांधाकर सुरक्षा का वचन लेती है। इसके बाद बहन भाई का मुंह मीठा कराती है। इसलिए बाजार में मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ नजर आ रही है। भाईयों के घर पहुंचकर राखी बांधने वाली बहने मिठाई खरीद रही थी। मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आ रही है।

## रोडवेज पर व्यवस्था अबकि बार रही दुरूस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रक्षा बंधन पर्व पर बहनों को भाईयों के यहां जाने के लिए बसों का इंतेजार करती बहनों के लिए इस बार रोडवेज व्यवस्था दुरूस्त रही। बहनों के बैठने और अन्य व्यवस्थायें पहले ही कर ली गईं।

# अतिरिक्त व्यवस्था के बाद भी सीटों के लिए हुई मारामारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रक्षाबंधन के पर्व पर रोडवेज बस अडडे पर यात्रियों की भारी भीड़ दिखायी दी। भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने दूर-दराज के क्षेत्रों से आवागमन कर रहीं बहनों को बसो में सीट पाने के काफी मारामारी का सामना करना पड़ा। जबकि प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क बस यात्रा का लाभ लेने को बहनों की सुबह ी लम्बी कतारें लग गयी।

रक्षा बंधन पर्व पर हर वर्ष अतिरिक्त बसें लगायी जाती हैं। इस बार भी यात्रियों की सुविध ा के लिए 52 रोडवेज बसों की व्यवस्था की गयी थी। जो सुबह से ही देर रात तक लगातार संचालित की गईं, जिससे कि किसी यात्री को असुविधा न हो। रोडवेज प्रशासन की ओर से भी

**बस के आते ही पहले सीट पाने के लिए बसों की खिड़कियों से अंदर फैंका गया सामान हुई धक्का-मुक्की**

बढ़ती भीड़ के चलते विशेष प्रबंध किए और हर बस में यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसके बावजूद बसों में मुफ्त सफर योजना का लाभ पाने को बहनों को सीट पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। रक्षाबंधन के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों से महिलाएं और बच्चे मुफ्त यात्रा का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंचे। रोडवेज बस अडडा पर सुबह से लेकर देर रात तक यात्रियों के आवागमन से रौनक बढ़ी रही।

# तमाम प्रयासों के बाद भी बहन भाइयों ने झेला जाम का झाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तमाम प्रयासों के बाद भी रक्षा बंधन पर्व पर वाहनों की बढ़ती आवाजाही और अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई न होने से भाईयों को राखियां बांधने जा रही बहनों को जाम के झाम का भी सामना करना पड़ा।

रक्षा बंधन के त्यौहार पर जाम का झाम रोकने को यातयात पुलिस की ओर से व्यापक प्रबंध किये गए थे। मुख्य चौराहों पर यातयात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद भी जाम का झाम बहनों को झेलना पड़ गया। अनेको प्रयासों के बाद चन्दौसी व मुरादाबाद को जाने वाले मार्ग स्थित चौराहे पर वाहनों की कतारें लगती रहीं। हालांकि यातायात पुलिस की सक्रियता से जामअधिक देर तक नहीं चल सका,लेकिन कुछ देर को चार पहिया और दो पहिया वाहनों के पहियों की रफ्तार थमी ज़रूर।

# विधायक असमोली ने बहन भाई के प्यार की डोर की और मजबूत

**○बरसों से भाई बहन के अटूट प्यार का करती है निर्वहन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल** जहां राजनीति हिंदू और मुसलमान के नाम पर वोटों क राजनीति करती हो, वहीं दूसरी ओर सपा के जिलाध्यक्ष और असमोली विधायक का मुस्जिम भाई के साथ बहन और भाई का अटूट विश्वास और प्रेम की डोर आज भी चटटान की तरह मजबूत बनी हुई है। बरसों से अपने इस भाई को राखी बांधती चली आ रहीं असमोली से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी यादव सुबह से ही अपने मुँहबोले भाई सपा जिलाध्यक्ष असगर अली



सम्भल-मुस्लिम भाई सपा जिलाध्यक्ष को राखी बांधती असमोली विधायक पिंकी यादव।

अंसारी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने के लिए इंतेजार में रहती है। शनिवार को भी असमोली विध ायक पिंकी यादव ने अपने भाई असगर अली अंसारी की कलाइ पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का वचन लिया वहीं उनकी दीर्घायु की कामना भी की।

# गंगा के उफान से लोग हलकान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**






**बबराला।** जो गंगा नदी गंगा किनारे के गांवों के लिए सिंचाई का साधन है। आज वही पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण उफान पर है। यह इन्हीं गांवों में बाढ़ का कहर ढाह रही है।

विदित हो कि नरौरा डेम से ही क्षेत्र में पानी छोड़ा जा रहा है। गंगा नदी पर नरोरा डेम बना हुआ है। नरौरा डेम के जल से किनारे के गांवों को सिंचाई का साधन मिल रहा है। पापनाशिनी मोक्षदायिनी गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करने के साथ ही क्षेत्र से गुजरने वाले स्थानों के लिए बहुमूल्य है।

सभी गंगा में स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। गंगा नदी का जल गंगा के किनारे बसे गांवों में सिंचाई का साधन भी है। यह जलाशय के लिए जल भी उलब्ध कराने में भूमिका निभा रही है। गंगा नदी का जल अब प्रदूषित हो रहा है। इसे सहायक नदियों का मिलने वाला जल भी प्रदूषित कर रहा है। वेसे ऐसी नदियां जल सूखने के कारण दम तोड़ती जा रही हैं। यह खेती के लिए सिंचाई का बड़ा साधन थीं लेकिन अब यह केवल गडढो में तब्दील हो गयी।

उसमें गन्दा पानी भरा है। इसका पानी प्रदूषित होने से मानव तो दूर पशु व् पक्षी भी इसका सेवन नहीं कर पा रहे हैं। डा. राहुल यादव ने कहा कि गंगा नदी सभी की पालन हार है।इसमे स्नान करने से सभी धान्य हो जाते है। इसके जल का सेवन पशु पक्षी भी कर रहे हैं। उमेशचंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि नरोरा गंगाघाट से राजघाट गंगाघाट की दूरी आठ किमी के लगभग है। नरौरा डेम से जल के हिसाब से पानी छोड़ा जाता है। बरसात में जल की अधिकता को रोकना पड़ता है।नरोरा गंगाघाट से जल को शुद्ध करने के लिए स्वंय सेवक सफाई अभियान चलाते हैं। कपिल गोयल उर्फ सोनू यहां से राजघाट रेलवे स्टेशन की दूरी पांच किमी है। इसके माध्यम से कहीं को भी जाया जा सकता है। जल को भी भरकर कहीं भी भेजा जा सकता है। आवागमन के साधान उपलब्ध हैं। लेकिन जल की आवश्यकता को देखते हुए जल का संरक्षण जरूरी है। अतुल गोयल उर्फ भोला ने कहा कि गंगा नदी के जल से सिंचाई के लिए नहर व जलाशयों को पानी प्राप्त होता है। पशु व पक्षी भी अपने जीवन को जल इससे प्राप्त कर रहे हैं।गंगा नदी को प्रदूषित होने से बचना होगा। जिससे इसका जल शुद्ध बना रहे और यह सभी को पवित्र बनाये रहे।

# बेटी को लेने निकले पिता की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रक्षाबंधन के दिन दर्दनाक हादसा हो गया, हादसे में बेटी को लेने निकले पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**○ रक्षा बंधन के दिन हादसे में मौत से गांव छाया शोक**

थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम गैलुआ निवासी हरस्वरूप की बेटी गुडडी राखी बांधने के लिए मायके आई थी। बेटी को लेने के लिए पिता हरस्वरूप शनिवार को मोटरसाइकिल से गेलुआ अडडे पर जा रहा था। रास्ते में तेज गति बाइक से टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि हरस्वरूप सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। सर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों में चीख-पुकार मच गई। रक्षाबंधन पर्व पर हुए दर्दनाक हादसे से पूरा गांव में शोक छा गया। जबकि परिवार में मातम छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक मिलनसार और मददगार स्वभाव के व्यक्ति था। हादसे को अंजाम देने के आरोपी बाइक चालक को पकड़ लिया। सूचना पाकर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गयी। वहीं परिजनों का करूणा क्रंदन से हर एक आंख नम हो गयी।

# घर में घुसकर बकरियों को बनाया निवाला

**○तेंदुए का हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर में बीती रात एक तेंदुए के हमले से दहशत का माहौल बन गया। गांव की निवासी विजयवती के घर में देर रात एक तेंदुआ कथित रूप से दीवार फांदकर घुस आया और वहां बंधी तीन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक बकरी का सिर खा लिया। जबकि दो अन्य बकरियों को मार डाला। विजयवती ने बताया कि तेंदुआ रात के अंधेरे में चुपचाप घर के भीतर दाखिल हुआ और अचानक हमला बोल दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में डर और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में गश्त बढ़ाने तथा तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। स्थानीय निवासी अमर सिंह ने घटना के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें उन्होंने घर में घुसे जानवर को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने फेसबुक



सम्भल- इसी दीवार से कूदकर जानवर ने बकरियों को बनाया था निवाला।

पर पोस्ट डालते हुए लिखा, हमारे गांव हरसिंहपुर में जानवर ने बकरी का घर में घुसकर गार्दन खायी है बताया कि बड़े जानवर का पंजा भी लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले शांत था, लेकिन अब लगातार जंगली जानवरों की आमद से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। बता दें कि सप्ताह भर पूर्व ग्राम शाहपुर सोत में भी तेंदुअे का जंगल स्थित सड़क किनारे वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जबकि सुबह को वन विभाग की टीम ने पहुंचकर निरीक्षण कर पिंजा लगाने को कहा था। अब दो बकरियों को निवाला बनाने से ग्रामीणों में दहशत ओर भी बढ़ गयी है। ग्रामीण सांय से ही अपने घरों में छिपने को मजबूर हैं जबकि दिन में भी खेतों पर अकले जाने से कतरा रहे हैं।

## एक नज़र इधर भी

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की सराहना

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने की सराहना की है।

भाजपा के जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि रक्षाबंधन के त्यौहार पर मुफ्त सफर कराने से बहनों को खर्च में राहत मिलेगी। रक्षाबंधन पर 8 अगस्त सुबह 6 बजे से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक मुफ्त यात्रा बहनों को एक सहयात्री के परिवहन निगम की बसों में प्रदान किये जाने के आदेश हैं। इससे बहनों को अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध ने और वहां से लौटकर आने तक स्फर फ्री कराया जायेगा। ऐसा होने से महिलाओं में हर्ष है। भाजपा नेता जूलियस सीजर ने कहा कि रक्षाबंध न पर प्रदेश सरकार का बहनों को भाइयों के पास भेजने का टिकट फी करने का तोह्फा प्रशंसनीय है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इंदीवर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बहनों के लिए ऐसा करके उनका रक्षाबंध न पर्व और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। अब वह किराया खर्च से बच सकेंगी। बहनों को किराया नहीं देना होगा। इस दौरान हर्षित वार्ष्णेय, राहुल कुमार, विनोद वार्ष्णेय, संजीव आदि मौजूद रहे।

### बोलेरो पिकअप की टक्कर में बाइक सवार घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बोलेरो पिकअप की साइड लगने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये।

आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे गांव रसूलपुर के नजदीक बोलोरो पिकअप की साइड लगने से बाइक सवार मानव शर्मा पुत्र अनिल व उनकी पत्नी डोली और बेटा कार्तिक तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने हालात गम्भीर देखते हुए मेडिकल कालेज हायर सेंटर रेफर कर दिया।इसके अलावा नगर के कठ स्थानों पर भर बरसात में जल भराव की स्थिति का सामना करना पड़ा है। परन्तु नगर में जल भराव की समस्या को दूर करने के कोई प्रयास नहीं किये जाते हैं।

### झमाझम बारिश भी नहीं रोक पाई बहनों के कदम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का पर्व है। इसको झमाझम पूरे दिन रही बारिश भी नहीं रोक पाई। बहन भाई के घर तो भाई बहन के घर भीगते हुए भी पहुंचे और रक्षाबंधन पर राखी बधवाई रक्षाबंधान पर्व पर पूरे दिन बारिश होती रही झमाझम बरसात में भाई बहन के यहां बाइक पर सवार होकर पहुंचा तो बहन भी भाई के यहां पहुंची। बाइक पर बहन और भाई भीगते नजर आए इसके साथ ही बारिश होने के कारण जल भराव की स्थिति रही वाहनों में काफी भीड़ रही रोडवेज फी होने के कारण रोडवेज भी खचाखच भरी हुई दिखाई दी। ट्रेनों में भी भीड़ काफी रही।

# डक व दुकान की आड़ में परोसी जाती है शराब

**○यातायात पुलिस पिकेट के निकट चल रहा अवैध बार**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनरल स्टोर की आड़ में अवैध बार का खुलेआम संचालन कर जमकर शराब परोसी जा रही है। लेकिन आबकारी विभाग ओर स्थानीय पुलिस आंखे मूंदे हुए है। जबकि यहां दूर दूर से लोग पैक बनाकर मौज उड़ाने आते है। जिससे कोई भी बड़ी घटना हो जाए इनकार नहीं किया जा सकता।

सम्भल मुरादाबाद मार्ग स्थित वाजिदपुरम के सामने वाहनों को धोने का डक चलाकर जल का जमकर दोहन किया जा रहा है। डार्क जोन स्थित क्षेत्र में डक पर रोजना हज़ारों लीटर पानी बहाया जा रहा है। जबकि इसी डक पर एक जरल स्टोर की दुकान को भी संचालित किया जा रहा है। दुकान



सम्भल-यातायात वाजिद पुरम के सामने अवैध बार में डक के पीछे रखे शराब भरे ग्लास

के पीछे छप्पर डालकर अवैध रूप से बार का संचालन कर शराब परोसी जा रही है। हैरत की बात तो यह है कि यहां यातायात पुलिस की डयूटी सुबह से लेकर देर शाम तक रहती है। जबकि इस स्थान से कुछ दूरी पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी का कार्यालय स्थित है लेकिन इस अनैतिक और अवैध बार चलाकर अनैतिक धंधे की भनक तक नहीं है। अवैध बार का संचालन कर रहा जरन स्टोर दुकान स्वामी ने कैमरे के सामने भी बैखौफ होकर शराब परोसने के इस अनैतिक धंध को स्वीकार किया है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जरूर यह अवैध बार किसी न किसी के संरक्षण में संचालित हो रही है।

# अज्ञात कार की टक्कर में इकलौते बेटे की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** बाइक से जाते पिता-पुत्र की बाइक को सामने से तेज गति में आ रही अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता गम्भीर घायल जबकि बेटे की मौत हो गयी। मौत से परिवान में कोहराम मच गया।

एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्रार्न्तगत ततारपुर रोड निवासी अरविंद कुमार पुत्र उदल सिंह अपने पत्नी बेटे पुनीत कुमार के साथ मोटरसाइकिल से किसी रिश्तेदारी में निर्यावली जा रहे थे। बाइक सवार पिता-पुत्र सैदनंगली से पहले सब्दलपुर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से तेज गति में

**○हादसे के बाद कार चालक फरार**

आ रही अज्ञात कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सक ने पुनीत (16) को मृत घोषित कर दिया तथा अरविंद कुमार को गंभीर घायल अवस्था में मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक तीन संतानों में इकलौता बेटा काल की गोद में समाने से परिवार में कोहराम मच गया। तथा दूसरी तरफ रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व इस घटना ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी। मृतक पुनीत हाई स्कूल की पढ़ाई कर रहा था परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# चौकी इंचार्ज अनीस अहमद ने गरीब परिवारों की महिलाओं को भेंट किए उपहार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जहां एक तरफ देश दुनिया में रक्षा बंधन पर्व पर भाईयों ने बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर भाई धर्म का निर्वहन किया वहीं चौकी इंचार्ज ने गरीब परिवार की महिलाओं को घरों पर जाकर मिष्ठान और उपहार भेंट अनूठी मिसाल कायम की।

बनियाठेर थाने की नरौली पुलिस चौकी के इंचाज अनीस अहमद ने रक्षा बंधन पर्व पर अनूठी मिसाल कायम की। देश और दुनिया में मनाये जा रहे रक्षा बंधन पर्व पर चौकी इंचार्ज ने रक्षा बंधन पर्व पर गरीब परिवारों में पहुंचे। उन्होने घर-घर जाकर गरीब परिवारों की महिलाओं को मिष्ठान और उपहार भेंटकर उनका सम्मान व उत्साह बढ़ाया। चौकी इंचार्ज की इस अनूठी मिसाल पर पुलिस व आम जनता के प्रति पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया।

# मारपीट करने गए युवकों ने तमंचा छीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में घर के सामने जाकर तमंचा लेकर गाली गलौंच करने व जान से मारने की धमकी देने वाले दो युवकों से तमंचा छीनकर दूसरे पक्ष के ग्रामीण थाने पहुंच गए। जहां उन्होंने तहरीर के आध ार पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी रजनीश ने तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के ही लध नपुर गांव निवासी बंटी पुत्र नरेश व कुदारसी गांव निवासी राजेश पुत्र छंगे उसके घर के सामने आकर गाली-गलौंच करने लगे तथा उसके पिता मस्सू को तमंचा दिखाकर जान से मारने की ध मकी दी। बंटी के हाथ में तमंचा था।

जहां रजनेश के परिजनों ने वीडियो भी बनाई। बंटी से तमंचा छीन लिया तथा शोर शराबा होने पर बंटी तमंचा छोड़कर भाग गया। बंटी अपने परिजनों के साथ तमंचा लेकर थाने पहुंचा। जहां उसने आरोपी बंटी और राजेश के खिलाफ तहरीर दी तो वहीं पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# लुटा हुआ माल रोक कर क्रान्तिकारियों ने की राष्ट्रसेवा: राजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद एवं हिंदू जागृति मंच के संयुक्त कार्यक्रम में सरदार भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष काकोरी एक्शन देकर भारत के अमर क्रांतिकारी को 51 दिए जलाकर श्रृद्वांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कर निरीक्षक राजेश यादव ने कहा कि भारतवर्ष के खजाने और हथियारों से भरी हुई ट्रेन को रोक कर अमर क्रांतिकारी ने अपने देश के वीर सपूतों और क्रांतिकारी आंदोलनकारी को सोप अर्थात लुटे हुए माल को रोक कर राष्ट्र

**○काकोरी एक्शन डे पर 51 दीप जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

सेवा की ऐसे महान क्रांतिकारियों को शत-शत नमन है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र धर्म सबसे बड़ा धर्म होता है और किसी भी प्रकार से की जाए राष्ट्र की सेवा सबसे बड़ा सबसे उच्च कर्तव्य है। विनोद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, शेखर दीक्षित, सुनीता अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल, गोपाल गुप्ता,सुबोध शर्मा, शुभम कुमार, राकेश, एमपी सिंह, योगेश कुमार आदि ने पं.राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, के चित्रें पर माल्यार्पण किया। 51 दीपक प्रज्वलित किये। सरदार भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष नमन होकर भारत के ज्ञात अज्ञात सभी क्रांतिकारी आंदोलनकारी को स्मरण कर उन्हें श्रृद्वांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधि कारी डा. मणि भूषण तिवारी ने की संचालन सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र मौ. शारिक का विवाह 2017 में मरयम निशा से किया था। मौ. शारिक अपनी पत्नी व ससुर मुनव्वर हुसैन के चढ़ाये सिखाये में आकर मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई झगड़ा करते थे। इस कारण मेरे पति का आकस्मिक निधन हो गया था। 13.7.2022 को मेरा पुत्र और पुत्रवधू मुझसे लड़ाइ करके अपनी ससुराल में रह रहे हैं मेरे पुत्र व पुत्रवधू के आचरण के कारण काफी दुखी हूँ। वह दोनो गलत संगत में पड़ गये हैं और मुनव्वर के बहकावे में रहते हैं।

**श्रीमति रूकय्या पत्नी स्व. हाजी मुनाजिर हुसैन**
नि. कोल्ड स्टोर के सामने हिन्दूपुरा खेड़ा तह. व जिला सम्भल।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# बाढ़ के पानी में नहा रहा युवक डूबा, मौत

■ गौताखोरों की मदद से ढूंढकर निकाला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाना इलाके के गांव वहाँपुर के जंगलों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। दोपहर को दिनेश पुत्र दुर्गा उम्र 35 साल बाढ़ के पानी मे नहाने गया था अचानक पानी मे डूब गया। कुछ लोगो ने युवक को डूबता देखा तो ग्रामीणों को इसकी खबर दी ग्रामीणों द्बारा गौताखोरो की मदद से युवक को ढूंढने के प्रयास किया। काफी देर बाद युवक शव तलाश किया गया। ग्रामीणों द्बारा पुलिस को सूचना दी मौके पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस पहुंच गई पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।



कहा जा रहा है, लगभग 8 साल पहले पिता दुर्गा की भी पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। लोगो का कहना है, दुर्गा भी बरसात के पानी मे नहा रहे थे अचनाक डूबने से उनकी मौत हुई थी। मृतक के परिवार वालों का रोरो कर बुरा हाल है।

# रक्षाबंधन पर बसों में रही भारी भीड़

**कांठ।** रक्षा बंधन पर भाइयों की कलाई पर राखी बांधने निकली बहनों को आज भारी मुसीबत भरे सफर का सामना करना पड़ा बसों में भारी भीड़ लगी रही और रही सही कसर जगह-जगह लगने वाले जाम ने पूरी कर दी बाहन चालकों को भी आज जाम के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। रक्षाबंधन का पर्व आज धूमधाम के साथ संपन्न हुआ बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे वचन लिया। लेकिन बसों में भारी भीड़ के कारण महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा अगवानपुर चौराहे पर लगे लंबे जाम ने बहनों को समय से भाइयों के घर तक नहीं पहुंचने दिया और वाहन चालकों को भी इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस जाम को लेकर पीडब्ल्यूडी की लापरवाही साफ उजागर हुई सेरुआ चौराहे से पहले सड़क पर पड़े गड्ढे को ठीक न करने के कारण वाहनों की लंबी-लंबी लाइन दोनों और लग गई आसपास निकलने वाले रास्ते भी जाम हो गए 400 मी का सफर तय करने में वाहनों को करीब 40 मिनट तक लग गए उसके बाद वाहनों को अगवानपुर कस्बे के अंदर से ले जाकर भटाबली के सामने निकाला गया। कई घंटे चले इस जाम ने लोगों को भारी दिक्कत में डाल दिया कुल मिलाकर मुसीबत के साथ ही सही लेकिन रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।



# तहसीलदार ने दिखाई दरियादिली, पानी से गुजर कर कई किलोमीटर जाकर ग्रामीणों को पहुंचाया भोजन

**कांठ।** तहसीलदार राजकुमार सिंह की दरिया दिली आज मिसाल बनकर रह गई तहसील के माध्यम से भोजन के पैकेट तैयार कराकर दरियापुर गांव के लोगों को भिजवाया गया। बतादे की रामगंगा में बाढ़ आने के कारण दरियापुर गांव चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है। जहां पर खाने पीने की काफी समस्या पैदा हो गई है कल तहसील के अधिकारियों ने मोटर बोट के सहारे गर्भवती महिलाओं को गांव से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया था।

आज तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा अपने मातहत लेखपाल अंकित चौहान अली हसन इलियास उस्मानी संजय शर्मा आदि को लेकर भोजन के पैकेट के साथ गांव पहुंचे इससे पहले करीब डेढ़ सौ मीटर पानी का सफर मोटर बोट के जरिए तय किया गया उसके बाद पानी से गुजरते हुए करीब 4 किलोमीटर का सफर करके



अधिकारी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए।

तहसीलदार की इस दरिया दिली को देखकर ग्रामीण भी अचंबे में पड़ गए और इस कार्य की काफी सराहना की।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पर दिया बल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** गागन तिराहा स्थित कैम्प कार्यालय पर एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।जिसमें मुरादबाद जिले व महानगर के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मेहताब चौहान साब ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया व जिला पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ने के निर्देश दिए, जनाब शमीम अहमद तुर्क मुख्य महासचिव शहजाद खा शादाब चौहान साहब, शादाब एस के साहब ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता शमीम अहमद साहब ने की, कार्यकर्ता सम्मेलन को जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी महानगर अध्यक्ष वकी रशीद, एहतेशाम मंसूरी युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष हाफिज वारिस, रईसुद्दीन मालिक, आमिल एडवोकेट, तालिब मालिक यूथ जिलाअध्यक्ष, साजिद सैफी, अर्शद सैफी, हाजी सलीम, जुल्फिकार ठेकेदार, मौलाना अफजाल, अशफाक चौधरी, तारिक अनवर आदि ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम में जिले के विभिन्न छेत्रो में समाज के लिए काम करनेवाले लोगो को सम्मानित किया गया जिसमे मौलाना ताहिर उल कादरी, मौलाना अफजाल, चांद खान, अतीकुर्रहमान, मुहम्मद अजीम, इस्लाम अर्शी, डॉ इरफानुल्लाह, डॉ शुऐब, अंजाम पाशा, सैय्यद मुस्तफा अली, रफत उस्मान साहिबा, फिरोज खान, साहिल शम्सी, मोहसिन खान, अतीकुर्रहमान, सलीम बाबरी साहब व जावेद रशीद को मरणोपरांत अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### रक्षाबंधन पर प्रेम और स्नेह का उत्सव: बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



**चन्दौसी।** श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पवित्र पर्व रक्षाबंधन शनिवार को पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास से भरा माहौल देखने को मिला। बहनों ने थाल सजाकर, आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। शहर के मोहल्लों, कॉलोनियों और ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही रक्षाबंधन की रौनक नजर आई। बाजारों में मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ रही, वहीं राखी के स्टॉल पर देर रात तक खरीदारी होती रही। कई परिवारों में बहनें मायके या ससुराल से लंबा सफर तय करके भाइयों के घर पहुंचीं, तो कहीं भाइयों ने खुद जाकर बहनों को राखी बंधवाई। इस मौके पर भावुक दृश्य भी देखने को मिले। कई बहनें वर्षों बाद अपने भाइयों से मिलीं और आंखों में खुशी के आंसू लिए उन्हें राखी बांधी। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ एक-दूसरे की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां सजाईं। प्रदेश सरकार की ओर से बहनों के लिए नि:शुल्क रोडवेज यात्रा सुविधा का भी खासा असर दिखा। दूर-दराज के इलाकों से आई बहनों ने कहा कि इस पहल से उन्हें अपने भाइयों के पास आने में बड़ी सहूलियत मिली। रक्षाबंधन पर्व नेएक बार फिर यह संदेश दिया कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि यह विश्वास, स्नेह और संरक्षण का अटूट बंधन है। शहर की गलियों से लेकर गांव के चौपाल तक, हर जगह आज प्रेम, अपनापन और भाईचारे की मिठास घुली रही।

### रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक: गुलाब देवी



**चन्दौसी।** शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने स्थानीय प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रक्षाबंधन केवल रेशम का धागा बांधने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के बीच के अटूट स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, वहीं भाई जीवनभर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा में भाई-बहन के संबंधों की मजबूती को दर्शाता है और हमें आपसी प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी निभाने की सीख देता है। गुलाब देवी ने प्रदेश सरकार की ओर से इस पर्व पर दी गई विशेष सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी बहनों के लिए रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई है। यह सुविधा प्रदेश भर में लागू की गई, जिससे बहनों को अपने भाइयों के घर तक पहुंचने में न तो किराये का भार उठाना पड़ा और न ही यात्रा में किसी प्रकार की कठिनाई हुई। राज्यमंत्री ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट करती हैं। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि अब पूरे प्रदेश की महिलाएं दिन या रात, किसी भी समय, बिना किसी भय के, सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ महिलाओं के लिए कई सुरक्षा उपाय लागू किए हैं, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर रही हैं। गुलाब देवी ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है। एकता को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी बहनों और भाइयों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें न सिर्फ रिश्तों को निभाने, बल्कि समाज में प्रेम और विश्वास का वातावरण बनाने की प्रेरणा देता है।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**बिलारी।** गांधी पार्क में सामाजिक कार्यकर्ता ने एकत्र होकर 9 अगस्त 1942 की याद करते हुए महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मीनाक्षी सखी ने बताया कि आज के दिन 1942 में पूरे देश में लोगों ने गांधी जी के आह्वान पर भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए महात्मा गांधी ने लोगों से कहा था कि करो या मरो। इसलिए पूरा देश आंदोलन में शामिल हुआ और इससे घबराकर अंग्रेजों को फैसला करना पड़ा अब उन्हें भारत को छोड़कर जाना होगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राकेश रफीक, प्रेम कुमार, डॉक्टर जितेंद्र दक्ष ने अपने विचार व्यक्त किये।

### युवाओं को राजनीति में आने का दिया प्रजापति समाज में संदेश

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव बनिया खेड़ा में प्रजापति समाज की चौपाल हुई।जिसमें समाज के लोगों ने भाग लिया। शनिवार को हुई बैठक में अनेक व्यक्तियों ने अपनी बात रखी। अमित कुमार प्रजापति विधान सभा अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने कहा कि समाज को शिक्षा , व्यवसाय , राजनीति के आगे बढ़कर हम सबको आना होगा। सदैव देश सेवा सनातन सेवा को सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ेंगे तो समाज के साथ साथ देश भी तरक्की करेगा। बैठक के आयोजक कपिल प्रजापति और प्रजापति युवा टीम बनियाखेड़ा ,मेघसिंह प्रजापति ,कमल प्रजापति ,विशाल प्रजापति,अर्पण प्रजापति, उमेश प्रजापति जी आदि मौजूद रहे।

# कुचावली में पांच कुंडीय यज्ञ का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास पर पूर्णिमा को लेकर शांति कुंज के तत्वाधान में पांच कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें देश समाज और किसानो की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई शांतिकुंज के जबर सिंह आदि ने हवन को विधि विधान के साथ संपन्न कराया।

इस अवसर पर ऋषिपाल सिंह शशिबाला सतवीर सिंह सहित काफी महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर बहनों के लिए सौगात रही यूपी में नि:शुल्क बस यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला शक्ति को सर्वोपरि मानते हैं। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को अपने भाइयों के घर जाने में कोई कष्ट न हो, इसके लिए यूपी में रोडवेज बस यात्रा नि:शुल्क की गई। साथ ही इस बार एक सहयात्री को भी नि:शुल्क यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा 08 अगस्त से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक मुफ्त यात्रा की घोषणा की गई। चन्दौसी रोडवेज बस स्टैण्ड प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, बदायूं, कासगंज, बरेली आदि स्थानों पर जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में बस उपलब्ध हैं। चक्कर भी बढ़ाये गये हैं। सवारियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जा रही है बल्कि सुबह के समय परिवहन निगम की बसों की संख्या अधिक थी और सवारियों की संख्या कम थी। रक्षाबंधन की मुफ्त यात्रा में मुस्लिम महिलाओं द्वारा भी जमकर यात्रा की गई और सुविधा का लाभ उठाया गया। वहीं रक्षाबंधन पर्व के चलते सड़कों पर वाहनों की संख्या अप्रत्याशित रुप से रही जिस कारण औरछी चौराहा, इस्लामनगर मार्ग, बिसौली



मार्ग पर वाहनों का लंबा काफिला दोनों ओर लग गया। यात्री ने पैदल चलकर औरछी, इस्लामनगर चौराहे से पथरा मोड़ पहुंचकर ई-रिक्शा की सहायता से अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे।

# विधायक कमाल अख्तर ने खादर क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों के लिए सरकार से मांगा मुआवजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** समाजवादी पार्टी से काठ विधानसभा के विधायक कमाल अख्तर ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण किया और किसानो की फसलों में हुए नुकसान का सरकार से मुआवजा मांगा। इस दौरान वह चौदरी अकबरपुर गांव पहुंचे और फरियाद की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बेग. मपुर महदूद कलमी कुमरिया जुमला आदि गांव में ट्रैक्टर से भ्रमण कर पानी से हुई फसलों में नुकसान का जायजा लिया और किसानो को भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने बताया कि कांड विधान सभा के दरियापुर बेगमपुर मल्लीवाला



महदूद कलमी हसनगढ़ी कुमरिया जुमला बीबीपुर सलावा आदि गांव बाढ़ की चपेट में है जिसमें लाखों बीघा कृषि भूमि बर्बाद हो चुकी है पशुओं के लिए बोया गया चारा भी खेतों में ही नष्ट हो गया है उन्होंने सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई।

# धर्मपाल सिंह ने जल शक्ति मंत्री से भेंटकर किसानों की समस्याओं पर किया विचार-विमर्श

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने लखनऊ पहुंचकर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की और उनसे किसानो की सिंचाई संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की, धर्मपाल सिंह ने लखनऊ से लौटने के बाद बताया कि इस दौरान भाजपा संगठन को लेकर भी गहन चर्चा हुई और मंत्री जी ने 2027 के लिए योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत किए जाने का आह्वान किया।

धर्मपाल सिंह ने कुछ कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि इससे पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से



अवगत कराया खादर क्षेत्र के गांव में जल भराव की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया।

कई साल पहले अकबरपुर चौदरी लाउडस्पीकर विवाद में कार्यकर्ताओं पर लगे झूठे केस को खत्म कराने की मांग उठाई। कांठ रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए भी उन्होंने मंत्री जी से चर्चा की शक्ति मंत्री ने सभी समस्याओं पर अपने स्तर से प्रयास कर समाधान कराने का भरोसा दिलाया है।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल: रक्षाबंधन पर राज्यमंत्री ने मुस्लिम भाइयों को बांधी राखी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मिनी वृंदावन कहे जाने वाले चन्दौसी में रक्षाबंधन पर्व पर एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम एकता देखने को मिली। प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी हर वर्ष की तरह इस बार भी अपने मुस्लिम भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं। गुलाब देवी पिछले 26 वर्षों से अपने मुंहबोले भाई, कांग्रेसी नेता सलीम सैफी को राखी बांध रही हैं। शहर के मोहल्ला जारई गेट निवासी सलीम सैफी ने बताया कि वह मंत्री गुलाब देवी को सगी बहन की तरह मानते हैं और वह भी बहन होने का फर्ज पूरी निष्ठा से निभाती हैं।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि जब उनकी बेटियों की शादी हुई तो बहन होने के नाते गुलाब देवी ने भात मांगा था और उन्होंने भाई का फर्ज निभाते हुए उसे पूरा किया। शनिवार को आयोजित राखी कार्यक्रम में गुलाब देवी ने दर्जनों मुंहबोले भाइयों को राखी बांधी। इस अवसर पर मुन्ना, तनवीर, महमूद अख्तर, बब्लू, आस मुहम्मद समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे उदाहरण चन्दौसी की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान हैं, जो हर पर्व और त्योहार पर आपसी प्रेम और भाईचारे को और मजबूत करते हैं।





# ससुराल की प्रताड़ना व धमकियों से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम रतूपुरा में शनिवार को युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मृतक अमन पुत्र मन्नू का उसका विवाह 9 मई को भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी पूनम से हुआ था। शादी के कुछ ही दिनों बाद पति-पत्नी में अनबन हो गई, जिसके बाद पूनम मायके चली गई परिजनों का कहना है कि अमन को उसकी साली और अन्य युवक लगातार फोन पर मोटी रकम की मांग कर रहे थे। रकम न देने पर उसे गोली मारने की धमकी दी जा रही थी। मानसिक दबाव से तंग आकर अमन ने शनिवार दोपहर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने एक दरोगा पर भी मृतक को प्रताड़ित



करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाल्मीकि बस्ती में पहुंचकर बंधवाई राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद के पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने ठाकुरद्वारा नगर में बाल्मीकि बस्ती में रक्षाबंधन का उत्सव मनाया रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम में वाल्मीकि मोहल्ले के बच्चों ने पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथ में राखी बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान ने राखी बांधने वाले बच्चों को दक्षिणा देकर सम्मानित किया।

रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम में भाजपा नेता आशुतोष अग्रवाल मुखलाल सिंह विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आशु वाल्मीकि मुकेश चौधरी आशीष वाल्मीकि सहित बच्चों ने भाग लिया।



# नगर में मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार




**बिलारी।** क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सवेरे से ही बहनें भाइयों के घर जाने लगीं और उन्होंने भाइयों की दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें रक्षा सूत्र बांधा। इस बीच भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। बाइक, चार पहिया वाहन, बस आदि से बहनें अपने भाइयों के घर मिठाई और राखियां लेकर पहुंची। मिठाइयों की दुकानों, पशुओं में बैठने को लेकर मारामारी दिखाई दी। राखी खरीदने के लिए भी दुकानों पर भीड़ दिखाई दी। सड़कों पर वाहनों की भारी भीड़ रही। हल्की बूंदाबांदी ने मौसम को ठंडा बना दिया। भाइयों का तिलक कर उनका मुंह मीठा कराया। और मुख्य मार्गों पर व्यवस्था के लिए पुलिस भी सक्रिय रही।

# रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

**अगवानपुर।** पवित्र सावन माह के समापन के साथ आए, रक्षा बंधन के त्यौहार की धूम मची, तो भाई बहिन के प्यार के अटूट बंधन के बीच प्रकृति के आने की नाकाम कोशिश भी बेकार साबित हो गई। प्रदेश भर में बारिश और बाढ़ का प्रकोप भी भाई बहिन के प्यार के सामने बौना नजर आया। दूर दराज से आने वाली बहनो को कई जगह दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। अनेकों स्थानों पर सड़कें डूब गई, मार्ग अवरूद्ध हो गये । वाहनों की भी भारी किल्लत हुई । हालांकि योगी जी द्वारा बहनों के लिए अतिरिक्त और फ्री बसों की व्यवस्था की गई है, परंतु प्रकृति का प्रकोप उन पर भी हावी रहा। मुरादाबाद की नगर पंचायत अगवानपुर में भी सुबह से ही बहनों के आने का सिलसिला जारी रहा,गले में बैग और हाथों में भाई केलिए मिठाई और राखियां लिए सैकड़ों बहनों को आते जाते देखा गया । वही शेरवा शेरूवा चौराहे पर बीच सड़क में गहरा गड्ढा होने के कारण दोनों तरफ जाम लग गया बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा जाम खुलवाया गया। जिस कारण दुश्वारियां झेल कर बहनों ने दुनिया के




सबसे पवित्र बंधन को निभाया, बहनों द्वारा भाईयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की। अगवानपुर नगर में रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । जहां एक ओर बहनों ने तिलक करके भाईयों को राखियां बांधी, तो भाईयों ने भी उनकी विशेष आवभगत के साथ उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया, नगर में दिनभर यही नजारा देखने को मिलता रहा।

## एक नजर

### भोजपुर में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



**भोजपुर।** नगर पंचायत भोजपुर में शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। शनिवार को सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही। जगह-जगह पर राखी और मिठाइयों से दुकाने सजी हुई थी वही भोजपुर में राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ दिखाई दी। सुबह के समय बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके सुख, समृद्धि व दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का वचन दोहराया। घर-घर में मिठाइयों की मिठास और पारिवारिक मिलन का उल्लास देखने को मिला। वही सब्जी मंडी भोजपुर में परी,मानवी,अवनी ने अपने भाई दर्श की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया रक्षाबंधन के मौके पर मोहल्लों और गलियों में भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती और प्रेम की अनूठी मिसाल देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने इस पावन पर्व का आनंद लिया। स्थानीय मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना आयोजित की गई, जहां परिवारों ने एक साथ आशीर्वाद लिया। रक्षाबंधन ने भोजपुर में भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करने के साथ-साथ समाज में प्रेम और एकता का संदेश भी फैलाया।

### विद्यालय की छात्राओं ने पुराने कार्टस व कलर पेपर से आकर्षक राखी बनाई



**कुंदरकी।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में राखी मेकिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं ने पुराने कार्टस व कलर पेपर सेआकर्षक राखी बनाई। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने उसे मोर बनाकर रंगीन रंगों से सजाया स प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने कहा की रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट विश्वास व प्रेम का प्रतीक है स कार्यक्रम में शिक्षिका रेणुका व शिक्षिका प्रीति का सहयोग रहा।

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**ठाकुरद्वारा।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाए जाने पर रक्षा बंधन के पवित्र त्यौहार को नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया । भाइयों ने भी बहनों को उपहार देते हुए रक्षा का वचन दिया। सुबह से देर शाम तक सड़कों पर दुपहिया व चार पहिया वाहन दौड़ते रहे। शनिवार को को पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर और ग्रामीण क्षेत्र के सुरजन नगर शरीफ नगर डिलारी जटपुरा नाखूनका रामनगर खागूवाला रतुप. ूरा, ख्वाजपुर धंतला, पानूवाला, राजूपुर कला, शेरपुर बहलीन, राम. ूवाला शेखू, विजयरामपुर, गोप. ीवाला, गझेड़ा आलम, आलमपुर चौहान, लालपुर चौहान, राजपुर केसरिया, सिढावली, करनपुर, महेशपुर आदि तमाम गांवों में सुबह से ही बहने भाइयों के घर जाने के लिए निकल पड़ी । रास्ते में मिठाई और राखी के दुकानों पर खरीदारी करने के बाद भाइयों के घर पहुंची और उन्हें रक्षा सूत्र राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया । वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए और

● नगर के बाजार से लेकर गांव की सड़कों पर सुबह ही मिठाई दुकान सज गईं। रोड किनारे पंडाल लगाकर सजाई गई मिठाई की दुकानों पर सुबह से लेकर शाम तक महिला-पुरुषों की भीड़ लगी रही। मिठाई विक्रेताओं का कहना है कि रक्षाबंधन को लेकर मिठाई की बिक्री से बाजार गुलजार रहा. बड़ी छोटी तमाम दुकानों में लोगों ने मिठाइयों की जमकर खरीदारी की. ताकि राखी से सजे थाल में बहनें अपने भाईयों को राखी बांधने के साथ मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कर सके।



हमेशा रक्षा करने का वचन दिया। भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए भाई बहनो में उत्साह नजर आया। महिलाओं ने हर संभव प्रयास करके भाइयों के घर पहुंचकर बहनों ने भाईयो को राखी बांधी। क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में बहन एकता चौधरी और मान्या चौधरी अपने भाई यश चौधरी के रक्षा सूत्र राखी बांधकर भगवान से अपने भाई की दीर्घ आयु की कामना।

वहीं भाई यश चौधरी ने बहनों को उपहार दिए और जीवन भर रक्षा का वचन दिया।

# दो बाइक टकराई चार लोग घायल

**बिलारी।** सर्किल के सोनकपुर थाने के गांव मोहम्मद हयातपुर उर्फ खोखड़ा में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर किया गया। मुरादाबाद के गांव सोना पट्टी के रहने वाले सुमित कुमार पुत्र कंचन सिंह अपनी पत्नी रजनी के साथ थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर मिर्जा जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी ओर से बाइक पर सवार होकर रुस्तमनगर सहसपुर निवासी फैजान पुत्र अहमद हसन और सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव गुर्जर नगला निवासी अंजू पत्नी आसिफ अली अपने घर आ रहे थे। शाम 4 बजे सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद हयातपुर उर्फ खोखड़ा के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। इसमें चारों गंभीर घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से अस्पताल को रेफर किया गया।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत बोट एंबुलेंस का एडीएम वित्त ने किया शुभारंभ

**मुरादाबाद।** जिले में बाढ़ संभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय ने मुरादाबाद स्थित दसवां घाट से बोट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बोट एम्बुलेंस बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त बनाए रखने में बेहद कारगर साबित होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के साथ-साथ बच्चों को डायरिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव के साथ-साथ बुजुर्गों को भी स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित बनाए रखने के नजरिए से इस वोट एंबुलेंस की शुरुआत की गई है। इस बोट एंबुलेंस में डॉक्टर के साथ-साथ पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही बारिश के दौरान भी बोट एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव एवं विभिन्न बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के लिए जरूरी सभी संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यह वोट एम्बुलेंस 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त बनाएगी और जिले स्तर पर संच. ालित कंट्रोल रूम या अन्य विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के अनुसार त्वरित रूप से सक्रिय होकर राहत पहुंचाएगी। इसके माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांवों में दवाइयों का वितरण भी कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में बाढ़ से कुल 67 गांव प्रभावित हैं जिनमें कृषि के दृष्टिकोण से 62 गांव और आबादी के दृष्टिकोण से 05 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ राशन किट एवं भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है साथ ही जलस्तर पर भी सतर्कता पूर्वक निगरानी की जा रही है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**( सीनियर डिवीजन ), मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्या:** 199 सन 2025
**तारीख पेशी:** 22.08.2025
**राजेश कत्याल बनाम जनता आम आदि।**
राजेश कत्याल उम्र लगभग 59 वर्ष पुत्र किशन लाल कत्याल उर्फ कृष्ण लाल कत्याल, निवासी आर्य समाज विद्यालय वाली गली, सागर सराय, मुरादाबाद।
**बनाम**
1.**जनता आम**, शहर मुरादाबाद, 2. रविन्द्र कत्याल पुत्र स्व० किशन लाल कत्याल उर्फ कृष्ण लाल कत्याल, निवासी आर्य समाज विद्यालय वाली गली. सागर सराय, मुरादाबाद, 3. श्रीमति मुक्ता चाबा पुत्री किशन लाल कत्याल उर्फ कृष्ण लाल कत्याल, पत्नी श्री लक्ष्मी नारायन, निवासिनी रामगंगा विहार, मुरादाबाद।
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) बमुकाम मुरादाबाद मुसम्मा राजेश कत्याल वास्ते हसूल साटीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय याफतारी मुसम्मा राजेश कत्याल मुसवफा स्व० कृष्ण लाल कत्याल पुत्री श्री काशीराम कत्याल अपने मूजिब एक्ट 7/1878 ई० वक्त राजेश कत्याल ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई० तारीख 22 माह 8 सन 2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुयी है। लिहाजा यह हरगाह मुसम्मा उज्र हो तो खुद या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत उज अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीचा के मजकूरा के फिर उन सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रर हाजिर किसी को सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिव निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी0 डि0 ), मुरादाबाद।**

# दोस्तों के साथ करूला नदी में नहाने गया युवक डूबा

**कांठ।** दोस्तों के साथ करुला नदी में लाडला बाद मंदिर के पास नहाने गया युवक पानी में समा गया



गोताखोरों ने घंटो उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया थाना कांठ क्षेत्र के गांव खातापुर निवासी बृजपाल का बेटा कपिल कश्यप अपने दो दोस्तों के साथ करूला नदी में नहाने के लिए गया था वह लाडला बाद मंदिर के पास बने पुल पर पहुंचे और पुल से छलांग लगाकर नहाने लगे कुछ देर तक सब ठीक रहा लेकिन बाद में कपिल पानी में समा गया। उसके दोस्त बाहर आ गए उन्होंने इसकी सूचना घर पर दी सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और एसडीएम मौके पर पहुंच गए जिले से गोताखोरों को बुलाया गया उन्होंने घंटो पानी में युवक को तलाशा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया 2 दिन में लगातार हुई इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में गम का माहौल है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्री मुस्कान को गलत संगत/ गलत आचरण व मेरी बिना मर्जी के नदीम पुत्र नजीर अहमद से निकाह/शादी कर ली है। मैं व मेरा परिवार मुस्कान व नदीम को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुक. दमेबाजी की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
अशरफ अली पुत्र रफीक अली
निवासी गागन वाली मैनाठेर थाना मझौला तह.व जिला मुरादाबाद।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**कुंदरकी।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई, जबकि भाइयों ने बहनों को उपहार दिए। बाजारों में रौनक और मिठाई की दुकानों पर भीड़ रही। रक्षाबंधन का पावन पर्व शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने विधिविधान से भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई और मंगल कामना की। भाइयों ने बहनों को स्नेहपूर्व उपहार भेंटकर सर्वमंगल कामना की। पर्व को लेकर घरों में काफी उत्साह है। बाजार में मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बहनो ने मायके में जाकर भाइयों को राखी बांधी सामाजिक, संस्कृतिक संस्थाओं की ओर से सामूहिक रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर रक्षाबंधन का उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों में दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन इस खास दिन के लिए घर लौटे। इससे मिलन का माहौल और भी खुशनुमा बन गया। रक्षाबंधन ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह और विश्वास की डोर को मजबूत किया। हर घर में प्रेम, अपनापन और उत्सव की खुशबू महसूस की गई।रक्षाबन्धन पर यातायात पर भी असर देखा गया। देव सिंह सैनी



भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के निवास पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर सुरक्षा का वायदा लिया। भाइयों ने रक्षाबंधन पर अपनी बहनों को उपहार दिये।

# वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधकर लिया रक्षा व सुरक्षा का संकल्प

**मुरादाबाद।** प्रकृति सेवा समिति मुरादाबाद की ओर से पूर्व वर्षोंकी भांति इस बार भी रक्षाबंधन पर्व (श्रावणी पर्व) पर बहिनों की तरह जीवनदायिनी वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी रक्षा व सुरक्षा का संकल्प लिया। आज प्रात:कालीन बेला में प्रकृति सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी कंम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक में खडे ५०से अधिक वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधे।

रक्षासूत्र बांधने से पूर्व सभी ने संकल्प लिया कि वह यहां खडे सभी वृक्षों की रक्षा के प्रति हम सब संकल्पित है। किसी भी स्थिति में कटने नहीं देंगे और देखभाल करते रहेंगे। सभी ने वृक्षो के प्रति प्यार व स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल, पर्यावरण संरक्षिका रविता पाल, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट,



आचार्य कामेश्वर मिश्र, त्रिलोक चंद दिवाकर जितेन्द्र प्रताप सिंह, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, शुभम् कश्यप ,डा मेघा अग्रवाल, छाया रानी, उमेश कुमार,जयकिशौर सक्सेना, रामकिशन पाल, फकीर चंद्र, गोविंद सिंह, वैष्णवी,शीतल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स जेद्दा में शुरू



**जेद्दा, वार्ता।** सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स 2025 का सऊदी अरब के जेद्दा में आगाज हुआ, जिसमें दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जड ट्रम्प और विश्व चैंपियनशिप विजेता झाओ शिनटोंग सहित कई शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए। जड ट्रम्प गत विजेता के रूप में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल रियाद में हुए फाइनल में, ट्रम्प ने मार्क विलियम्स के खिलाफ शानदार वापसी की थी और निर्णायक राउंड में 62-0 से पिछड़ने के बाद 72 अंकों की शानदार क्लीयरेंस के साथ 10-9 से जीत हासिल की थी। इस साल के टूर्नामेंट में कुल 144 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में काइरेन विल्सन, मार्क विलियम्स, जॉन हिगिंस और रोनी ओ'सुलिवन जैसे विश्वस्तरीय सितारे शामिल हैं, साथ ही झाओ शिंटोंग, डिंग जुनहुई, झांग आंदा और सी जियाहुई जैसे अनुभवी और उभरते सितारों से युक्त एक मजबूत चीनी दल भी शामिल है।

### बारिश के चलते ओडीडब्ल्यू व सीडीके का मैच रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन 2 का सेंट्रल दिल्ली किंग्स (सीडीके) और आउटर दिल्ली वॉरियर्स (ओडीडब्ल्यू) के बीच शनिवार को खेला जाने वाला मैच लगातार हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। देर रात से हो रही बारिश के कारण डीपीएल सीजन दो का 14वां मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया।

# बेंगलुरु में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

- कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की घोषणा
- 80,000 दर्शकों की होगी स्टेडियम की क्षमता
- आरसीबी भगदड़ केस के बाद लिया गया फैसला

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था।

इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हास्टल, होटल और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हाल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए एनसीए जैसा बन सकता है। बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं हैं एम. चिन्नास्वामी बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच करने वाले जस्टिस जान माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए। महाराजा ट्रॉफी 2025 को मैसूर शिफ्ट किया गया 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को पुलिस से मंजूरी न मिलने के कारण महाराजा ट्रॉफी का आयोजन मैसूर में कराना पड़ रहा हैं। इसके बाद से विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी चिन्नास्वामी स्टेडियम मे जून में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई।

# रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास



- एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने

**चेन्नई, वार्ता।** शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा। कल चार भारतीय सर्फरों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद,आज सभी की निगाहें महाबलीपुरम के प्रसिद्ध राइट-हैंड पॉइंट ब्रेक पर थीं क्योंकि प्रतियोगिता निर्णायक नॉकआउट चरणों में प्रवेश कर गई। ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल, ओपन महिला सेमीफाइनल, अंडर-18 लड़कों के क्वार्टरफाइनल और अंडर-18 लड़कियों के क्वार्टरफाइनल जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन नॉकआउट मुकाबलों, उच्च दबाव वाले प्रदर्शनों और इतिहास रचने वाले क्षणों से भरा रहा। टीम इंडिया ने ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल में तीन सर्फरों के साथ दिन की शुरुआत की और यह एक ऐसा दिन बन गया जो भारतीय सर्फिंग इतिहास में दर्ज हो जाएगा। भारत के शीर्ष सर्फर, रमेश बुदिहाल ने क्वार्टरफाइनल हीट 1 में दबाव में लहरों के चयन और संयम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नील सांचेज (पीएचएल) - 12-80 को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में आगे बढ़ते हुए, रमेश ने एक सटीक समय पर, उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन के साथ अपनी गति बनाए रखी जिससे उन्हें एक तनावपूर्ण हीट में दूसरा स्थान मिला और उन्होंने फाइनल में जगह पक्की कर ली-किसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय सर्फर बन गए।



# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया को हराया

- एलिसा हीली ने 73 व तालिया विल्सन ने 43 रनों की शानदार पारी खेली, किम गार्थ को चार विकेट मिले

**मकाय, वार्ता।** एलिसा हीली (73), तालिया विल्सन (43) की शानदार बल्लेबाजी के बाद किम गार्थ (चार विकेट), एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आज ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 114 रनों से हरा दिया।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज तीन रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उमा छेत्री (शून्य) और शेफाली वर्मा (तीन) पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आक्रमण के आगे इंडिया ए की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकीं और पूरी टीम 15-1 ओवर में 73 के स्कोर पर सिमट गई। इंडिया ए की ओर से दिनेश वृंदा ने 21 और मिन्नू मनी 20 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से किम गार्थ ने तीन ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिए। एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन और सियाना जिंजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 11वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। तालिया विल्सन ने 35 गें. दों में छह चौकों की मदद से 43 रन बनाए। इसके बाद राधा यादव ने 15वें ओवर में एलिसा हीली को भी अपना शिकार बनाया। एलिसा हीली ने 44 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। अनिका लीरॉइड ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान निकोल फॉल्टम (आठ) रनआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंडिया ए महिला टीम के लिए राधा यादव ने दो विकेट लिए। प्रेमा रावत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दस भारतीय मुक्कबाजों ने फाइनल में जगह बनाई

- सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में चल रही अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महिला मुक्केबाज निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पार्ची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) फाइनल में पहुंच गए हैं। कृतिका (80 किग्रा) को सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है - प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रनों से पीटा, तीसरी बड़ी जीत दर्ज की



- जैकरी फॉक्स ने पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की, जिम्बाब्वे दूसरी पारी में 117 पर ढेर

**बुलावायो, वार्ता।** जैकरी फॉक्स (पांच विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 117 रनों पर ढेर कर मुकाबला पारी और 359 रनों से जीत लिया।

इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। यह न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी और ओवरऑल टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है जिसने ऑस्ट्रेलिया को 1938 में पारी और 579 रन से हराया था।

दूसरी सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है जिसने दक्षिण अफ्रीका को 2002 में पारी और 360 रन से पराजित किया था। न्यूजीलैंड की इससे पहले सबसे बड़ी जीत 2012 में थी जब उसने जिम्बाब्वे को पारी और 301 रन से शिकस्त दी थी। सुबह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को मैट हेनरी ने शुरुआत में दो झटके दिये। ब्रायन बेनेट (शून्य) और ब्रेंडन टेलर (सात) रन बनाकर आउट हुए। ब्रायन बेनेट के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये निक वेल्च ने शॉन विलियम्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन जेकब डफी ने विलियम्स (नौ) को आउटकर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। इसके बाद कप्तान क्रेग इर्विन ने निक वेल्च के साथ मोर्चा संभाला। मैथ्यू फिशर ने क्रेग इर्विन (17) को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के जैकरी फॉक्स के गें. दबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

- हसन नवाज ने नाबाद 63 और कप्तान रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली शाहीन को चार विकेट मिले



**टरूबा, वार्ता।** शाहीन शान अफरीदी (चार विकेट) और नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद हसन नवाज (नाबाद 63) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपना पहला विकेट सैम अयूब (पांच) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने अब्दुल्लाह शफीक के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में शमार जोसेफ ने अब्दुल्लाह शफीक (29) को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। बाबर आजम (47) और आगा सलमान (23) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 48-5 ओवर में पांच विकेट पर 284 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 54 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाए। और हुसैन तलत ने 37 गें. दों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 41 रनों की पारी खेली। हसन नवाज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, गुडाकेश मोती और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट ब्रैंडन किंग (चार) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने एविन लुइस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मकीम ने केसी कार्टी (30) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

### आयरलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (51 रन/एक विकेट), लॉरा डेलेनी (42) और रेबेका स्टोकेल (34) की शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 35 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। एमी हंटर (छह), ली पॉल (शून्य) और कप्तान गैबी लुईस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और लॉरा डेलेनी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 76 रनों की साझेदारी हुई। रमीन शमीम ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने 34 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद फातिमा सना ने लॉरा डेलेनी को आउटकर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। लॉरा डेलेनी ने 34 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 42 रन बनाए।

# टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हेड के साथ पारी खेल सकते हैं मार्श

- विश्व कप से पहले टीम के रूप में खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत : मार्श



**डार्विन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान मिशेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह फिलहाल इस प्रारूप में ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। मार्श 2021 से इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे नंबर के बल्लेबाज़ थे और इस कदम का फायदा भी हुआ जब इस ऑलराउंडर ने उस साल टी20 विश्व कप फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' प्रदर्शन किया। हालांकि उन्होंने अगले दो संस्करणों में भी इसी क्रम पर बल्लेबाजी जारी रखी है, 33 वर्षीय यह खिलाड़ी हेड के साथ शीर्ष क्रम में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हालांकि ग्लेन मैक्सवेल ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन दौरे पर हेड की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत की थी, लेकिन यह बाएं हाथ का बल्लेबाज भी अपनी पसंदीदा जगह पर वापसी करेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले डार्विन में मार्श ने कहा कि निकट भविष्य में मैं और हेडी (ट्रैविस हेड) ही शीर्ष पर रहेंगे। ज़ाहिर है, हम साथ में काफी खेल चुके हैं, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, इसलिए (हम) वहीं से शुरुआत करेंगे। विश्व कप से पहले टीम के रूप में, खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत है, यही संदेश दिया गया है। मार्श द्वारा बल्लेबाजी क्रम को लचीला बनाने की अपील हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 की हार के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मिशेल ओवेन जैसे खिलाड़ी ने हाल के महीनों में टी20 सर्किट में शीर्ष क्रम में अपनी छाप छोड़ने के बावजूद, मध्य क्रम में सहजता से बदलाव किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के लचीलेपन के कारण टिम डेविड ने उस श्रृंखला में एक मैच में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। इसने निश्चित रूप से 2021 के चैंपियन को डेविड को लगातार बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने का एक नया विकल्प दिया है। मार्श ने कहा कि हमने इस बारे में बात की है, हमने कैरिबियन में देखा है कि वह (डेविड) सामान्य से पहले बल्लेबाजी करने आए थे। उनका कौशल इसके लिए बना है। उम्मीद है कि वह जितनी ज्यादा गेंदों का सामना करेंगे, उतने ही ज्यादा मैच हमारे लिए जीतेंगे। गेंदबाजी के मामले में अपनी प्रगति के बारे में मार्श ने स्वीकार किया कि वह फिलहाल सिर्फ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे, लेकिन उन्होंने भविष्य में गेंदबाजी की जिम्मेदारी में वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मेरे लिए गें. दबाजी फिलहाल ऑफलाइन है, लेकिन यह हमेशा के लिए ऑफलाइन नहीं है। इस समय यह सीरीज दर सीरीज होगी, हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व कप में अभी 15 मैच बाकी हैं, इसलिए हम अपनी मनचाही शैली पर काम करते रहेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे खिलाड़ी हर पल का आनंद लें और सीरीज जीतें।

### फलस्तीनी फुटबॉलर सुलेमान अल ओबेद की इजरायली सेना के हमले में मौत



**यरुशलम, वार्ता।** फलस्तीन राष्ट्रीय टीम के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल ओबेद (पेले) की इजरायली सेना के हमले में मौत हो गई है।

पीएफए ने बताया कि पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी 41 वर्षीय सुलेमान अल-ओबेद की दक्षिण गाजा में मानवीय सहायता का इंतजार करते समय इजरायली सेना के हमले में मारे गये। वह फलस्तीनियों के बीच पेले के नाम से मशहूर थे। उनके परिवार में पीछे पत्नी और पांच बच्चे हैं। सुलेमान अल-ओबैद ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत खादमत अल-शाती के साथ की थी, बाद में उन्होंने पश्चिमी तट पर मरकज शबाब अल-अमरी और गाजा स्पोर्ट के लिए खेला।

इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक गोल किए। यही से उन्हें पेले उपनाम मिला। पीएफए ने बताया कि उन्होंने 2007 में फिलिस्तीन के लिए राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 24 मैच जीते और दो गोल किए। इनमें से एक गोल 2010 पश्चिम एशियाई फुटबॉल महासंघ चैंपियनशिप के दौरान यमन के खिलाफ कैंची किक के रूप में किया गया था।पीएफए ने कहा कि अक्टूबर 2023 से अब तक खेल क्षेत्र से जुड़े 662 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें फुटबॉल समुदाय के 321 लोग शामिल हैं।

### बोडोलैंड एफसी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोकराझार, वार्ता।** स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि बोडोलैंड एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। बोडोलैंड एफसी के मुख्य कोच विकास पंथी ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में एक बदलाव करते हुए घाना के अब्दुल समद अंगो को दानस्वरांग बसुमतारी की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया।

# बाढ़ का कहर! दो दर्जन गांवों का आवागमन हुआ बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** पहाड़ों से आए पानी ने मूंढापांडे क्षेत्र के गांवों में कहर मचा रखा है,अक्का डिलारी से अक्का पांडे भोजपुर, नाजरपुर, बीरपुर वरयार को जाने वाले मार्ग पर बाढ़ का लगभग चार फिट पानी तेजी से चल रहा है, जिसकी वजह से ग्रामीणों का घरों से निकलना बंद हो गया है, ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ अधिकारियों को सतर्कता दिखाते हुए और रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए ग्रामीणों के आने जाने के लिए नाव का प्रबंध करना चाहिए था, जो कि नहीं किया गया जिसकी वजह से बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी तक नहीं बांध सकीं, बाढ़ को



लेकर अधिकारियों की नाकामी साफ दिखाई दे रही है, गोविन्द प्रसाद सैनी, अविनाश चौहान, नरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि हर साल जिले के अधिकारियों को बाढ़ के आने के सूचित किया जाता है मगर अधिकारी कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं करते,इस समय मूंढापांडे के गांव नाजरपुर, घोसीपुरा, अक्का पांडे भोजपुर, बीरपुर वरयार, बिकनपुर, लोधीपुर, मिलक, गतौरा, गोविंदपुर कलां, रनियाठेर, हरपाल नगर, हीरापुर, चककुहन्कू, अहरौला, जैतपुर बिशहाट, लालपुर तीतरी,गदईखेड़ आदि गांवों का सम्पर्क हाइवे से पूरी तरह टूट चुका है, अब अधिकारी इन गांवों में भी नहीं पहुंच पा रहे हैं, ऐहतियातन तौर पर पुलिस को भी बाढ़ वाली जगह लगा रखा है जिसकी वजह से ग्रामीण अपने राशन तथा जरुरी सामान लाने में असमर्थ हैं।

# पानी में डूबे फरियाद का शव बरामद, देर शाम किया सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** चैदरी अकबरपुर निवासी फरियाद का शव आज सुबह ग्रामीणों ने बरामद कर लिया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया देर शाम मृतक को सुपुर्द खाक किया गया है। बतादें कि शुक्रवार की दोपहर करीब 11 बजे चैदरी अकबरपुर निवासी फरियाद पुत्र नन्हे पानी में नहाने के लिए गया था जहां ट्यूब फिसल जाने के कारण वह पानी में डूब गया ग्रामीणों ने दिन भर उसकी तलाश की लेकिन फरियाद का कहीं पता नहीं चल सका।

शाम को जिले से गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची और उन्होंने मोटर बोट के जरिए उसकी तलाश की लेकिन पानी में घास होने और अंधेरा होने के कारण तलाश ज्यादा नहीं चल सकी सुबह आने की बात कहकर टीम तो वापस चली गई लेकिन ग्रामीणों का हौसला कम नहीं



हुआ उन्होंने घटनास्थल से कुछ दूर आगे जाकर पानी में जाल लगा दिया। बताया गया कि सुबह जब ग्रामीण जाल के पास पहुंचे तो फरियाद का शब जाल में फंसा मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंच गई शबको पहले मृतक के घर लाया गया।

उसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शब पोस्टमार्टम से घर आया तो कोहराम मच गया परिजनों ने गम के माहौल में मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया है। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# टीएमयू स्टूडेंट्स के लिए वरदान साबित होगा कैब

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कॉर्पोरेट एडवाइजरी बोर्ड-कैब की फर्स्ट मीटिंग में सार्थक संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट सेंटर-सीटीएलडी की ओर से नवाचार हेतु अकादमिक-औद्योगिक समन्वय पर प्रथम कॉर्पोरेट एडवाइजरी बोर्ड- कैब की ऑनलाइन मीटिंग में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने उम्मीद जताई, कैब स्टुडेंट्स के लिए मेंटरशिप के अवसर प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा, डोमेन-विशिष्ट औद्योगिक रुझानों को नियमित रूप से साझा किया जाना चाहिए, ताकि छात्रों और संकाय सदस्यों को अद्यतन रखा जा सके। उन्होंने अनुभवात्मक अधिगम मंचों के सह-निर्माण का समर्थन किया, ताकि स्टुडेंट्स को कक्षा से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। सॉफ्ट प्रो इंडिया, नोएडा के उपाध्यक्ष मानव संसाधन एवं संचालन और कैब सदस्य श्री भूपिंदर नायर ने मुद्दों और चुनौतियों की समझ पर बोलते हुए कहा, अकादमिक उद्देश्यों को औद्योगिक अपेक्षाओं के साथ संरेखित करना एक प्रभावी प्रतिभा श्रृंखला विकसित करने हेतु आवश्यक है। उन्होंने सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के निर्माण और सहयोग की संस्कृति को पोषित करने की सिफारिश की, जिससे सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त हो सके। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने यूनिवर्सिटी के अकादमिक दृष्टिकोण की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा, टीएमयू सभी शैक्षणिक क्षेत्रों में कौशल-आधारित अधिगम को एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि स्टुडेंट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके। प्रो. जैन ने अकादमी और उद्योग के बीच एक सतत फीडबैक चक्र की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिले और शिक्षा की प्रासंगिकता बनी रहे। उन्होंने सभी कैब सदस्यों को टीएमयू कैंपस में आमंत्रित किया, जहां वे छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर सहयोग के सार्थक अवसरों का अन्वेषण कर सकेंगे। नासकॉम के सेक्टर स्किल्स काउंसिल की उप निदेशक और कैब सदस्य सुश्री प्रियंका बिष्ट ने इंटर्नशिप, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट पर बोलते हुए स्टुडेंट्स में डिजिटल और तकनीकी साक्षरता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नासकॉम की फ्यूचर स्किल्स प्राइम पहल की प्रासंगिकता भी बताई। उन्होंने कौशल विकास प्रयासों को मापन योग्य रोजगार परिणामों से जोड़ने की आवश्यकता को दोहराया। सीके बिड़ला हॉस्पिटल, नई दिल्ली के एचआर महाप्रबंधक श्री पंकज




तिवारी ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कक्षा और बोर्ड रूम दोनों में विचारोन्मुख वातावरण बनाने का सुझाव दिया। श्री तिवारी ने रचनात्मक सोच और सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु वर्चुअल इनोवेशन डैशबोर्ड जैसी बुनियादी सुविधाओं की वकालत की। उन्होंने कहा कि केवल कौशल पर नहीं, बल्कि प्रतिभा की पहचान और पोषण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। लिटवर्क, हैदराबाद के निदेशक श्री विनय सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता- एआई उद्योगों में मूल्यांकन और प्रशिक्षण दोनों के मॉडल को पुनर्परिभाषित कर रही है। उन्होंने अकादमिक संस्थानों को प्रशिक्षण और मूल्यांकन के लिए लचीले एवम् विकासशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने सीटीएलडी का परिचय देते हुए इसकी प्रशिक्षण पहलों और उन क्षेत्रों का उल्लेख किया, जहाँ औद्योगिक सहयोग स्टुडेंट्स के अधिगम और प्रदर्शन को और बेहतर बना सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कॉर्पोरेट एडवाइजरी बोर्ड का मार्गदर्शन सीटीएलडी को अपनी प्रशिक्षण पद्धतियों को वर्तमान औद्योगिक मानकों के अनुरूप ढालने में सहायक होगा। उन्होंने कैब सदस्यों से आग्रह किया कि वे भविष्य की वार्ताओं में सक्रिय भाग लें और उद्योग-संरेखित छात्र विकास रणनीतियों के सह-निर्माण में योगदान करें। इससे पूर्व सीटीएलडी की मॉडरेटर डॉ. जैस्मिन स्टीफन ने कैब के गठन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों और कैब सदस्यों का स्वागत किया। सीटीएलडी के उप निदेशक डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय ने सभी गणमान्य अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संकल्प: वृक्षों को बांधा रक्षा सूत्र

## रिश्ता केवल भाई-बहन का नहीं, पेड़-पौधों का भी निभाना है-हरियाली का वचन निभाना है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने इस बार रक्षाबंधन पर्व को एक अनूठे तरीके से मनाया। न्यास के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वृक्षों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें रक्षा सूत्र बांधे और जल, छाया एवं जीवन देने वाले इन "हरित रक्षकों" को संरक्षित रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर न्यास अध्यक्ष डॉ० पवन कुमार जैन ने कहा कि रक्षाबंधन पर हर उसके संरक्षण का पर्व है जिसको की संरक्षण की आवश्यकता है। आज पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। वृक्ष जीवनदायी हैं, इनकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। जैसे हम अपने भाई की रक्षा के लिए संकल्प लेते हैं, वैसे ही वृक्षों की सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। वृक्ष जीवन के आधार हैं और इनका संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



# मजदूरी के पैसे मांगने गए मजदूर को रेस्टोरेंट मालिक ने झूले से बांधकर बुरी तरह पीटा, अस्पताल में भर्ती

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नामी-गिरामी रेस्टोरेंट हवाई अड्डे पर पिछले दिनों एक व्यक्ति ने काम किया था,जब वह मजदूरी के पैसे मांगने गया तो रेस्टोरेंट मालिक ने मजदूर को गाली गलौज करते हुए झूले पर रस्सी से बांध कर डन्डे से बुरी तरह मारा पीटा, मारपीट का विडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर कर दिया।

वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई, पुलिस ने वायरल विडियो का संज्ञान लेते हुए रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है,संजू पुत्र सुनील निवासी थाना मूंढापांडे ने यशपाल पुत्र सोमपाल,धीरज पुत्र किरनपाल के हवाई अड्डा रेस्टोरेंट पर मजदूरी की थी, जब वह रक्षाबंधन का त्योहार आने पर शुक्रवार सुबह रेस्टोरेंट मालिक यशपाल,धीरज निवासी मूंढापांडे से मजदूरी के पैसे मांगने गया तो उन्होंने पैसे देने से मना करते हुए पार्क के झूले में बांधकर कर लाठी डंडों से जमकर बुरी तरह से पीटा किसी तरह लोगों ने दोनों दबंगों से बामुश्किल बचाया, पीड़ित की तहरीर पर रेस्टोरेंट संचालक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, जबकि पीड़ित की नाजुक हालत देखते हुए मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# भारत छोड़ो आंदोलन, संस्कृत दिवस और लव-कुश जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत छोड़ो आंदोलन (अगस्त क्रांति दिवस) एवं संस्कृत दिवस तथा प्रभु श्रीराम के जुड़वां पुत्र लवकुश की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कवि माध्षव मिश्र: ने बताया कि हम देशवासी आज आजाद फिजा में सांस ले रहे हैं, स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जी रहे हैं। इस आजादी के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने अपने लहू से सींचा है। एक लंबे समय तक देश अंग्रेजों के अधीन रहा। कई आंदोलन हुए हैं जिसमें सबसे बड़ा आंदोलन था भारत छोड़ो आंदोलन। भारत की आजादी के इतिहास में 09 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई इसकी चिंगारी पूरे देश में फैल गई। यह आंदोलन अगस्त क्रांति दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन से अंग्रेज घुटने टेकने को मजबूर हो गए। महात्मा गांधी जी ने करो या मरो के साथ भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल फूंका था। लोग घरों से निकल पड़े। 14 जुलाई 1942 को राष्ट्रीय कांग्रेस समिति की बैठक में भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ, 08 अगस्त 1942 को राष्ट्रीय कांग्रेस की मुम्बई की बैठक में संशोधनों के साथ इसे स्वीकार किया गया। इसकी घोषणा के बाद सभी आंदोलनकारी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। राष्ट्रीय कांग्रेस को गैर संवैधानिक संस्था घोषित कर दिया गया। बहुत से नेता जनता के बीच से आने लगे जिनमें से प्रमुख जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, आचार्य कृपलानी, सुचेता कृपलानी जैसे नेताओं ने भूमिगत रहकर आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। मुंबई के मैदान में तिरंगा फहराया गया। इसी दौरान सरकारी इमारतों पर तिरंगा फहराना शुरू कर दिया। 11 अगस्त 1942 को सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान फिरंगियों की हुकूमत की गोली से सात छात्र शहीद हो गए। अंग्रेज सरकार ने बंदूक और लाठी से इस आंदोलन को दबाना चाह तो आंदोलन का रुख हिंसात्मक हो गया। रेल की पटरियां उखाड़ी गईं। कुछ जगह सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी गई। भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस आंदोलन में आंकड़ों के अनुसार सोलह हजार से अधिक लोगों की जान गई और 1945 तक बहुत से नेता जेल में बंद रहे। इसके बाद इंडियन डिपेंडेंस एक्ट बना और भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली।

कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि संस्कृत दुनिया की सबसे प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। बहुत सारी भाषाओं ने इससे शब्द लेकर अपने को समृद्ध किया है। भाषाओं को बचाने के लिए दिवस मनाने की शुरुआत की गई। मुख्यत: ये दिवस दो भाषाओं के हैं, पहला है हिन्दी दिवस जो प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है तथा दूसरा है संस्कृत दिवस जिसे रक्षाबंधन के दिन मनाया जाता है। संस्कृत दिवस मनाने के लिए 1968 में प्रस्ताव बना और 1969 में



श्रावण मास की पुर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन को मनाने की शुरुआत हुई। संस्कृत विश्व की सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जब दुनिया में टॉकिंग कंप्यूटर की बात चली तो प्रश्न उठा कौन सी भाषा उपयुक्त है? कंप्यूटर का अपना विवेक नहीं होता जो आप बोलते हैं वही वह लिखता है जो उसे दिया जाता है।

वह उसे पढता है। इसलिए भाषा व्याकरण की दृष्टि से वैज्ञानिक होनी चाहिए, और ध्वनि की दृष्टि से भी। विश्व की तमाम भाषाओं की समीक्षा के बाद संस्कृत को उपयुक्त माना। समस्या यह है कि संस्कृत जानने वाले कंप्यूटर नहीं जानते और कंप्यूटर जानने वाले संस्कृत नहीं जानते। आपको यह जानना चाहिए कि अंग्रेजी बाजार की भाषा है इससे व्यापार किया जा सकता है, लेकिन संस्कृत भाषा व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़ती है। अगर आप कंप्यूटर को बोले आई नो दिस तो लिखेगा आई नो दिस जिसका कोई अर्थ ही नहीं है। अंग्रेजी में कही टी साइलेंट हो जाता है कहीं ई साइलेंट हो जाता है, लेकिन संस्कृत में जो बोला जाता है वही लिखा जाता है। यहां तक मात्रा की ध्वनि भी अलग है। श्रीरामचरितमानस में प्रभु श्रीराम ने भगवान शंकर की स्तुति की है रुद्राष्टकम् के द्वारा नमामी शमीशान निर्वाण रूपम......, वहीं श्रीराम पर विजय प्राप्त करने के लिए रावण ने भी भगवान शंकर की स्तुति की है शिव तांडव स्तोत्र के द्वारा डमड डमड.......इसे सुनकर एक छोटा बालक भी बता देगा कि प्रभु श्रीराम द्वारा कौन सी स्तुति की गई। अर्थात संस्कृत भाषा व्यक्ति के भाव को भी प्रकट करती है यह जादू केवल इसी में है। राजा भोज के काल में आम जनता भी संस्कृत भाषा बोलती थी। आओ संस्कृत को अपनाएं और अपने ग्रंथो का अध्ययन कर समाज में प्रचार प्रसार करें।

कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश दोनों जुड़वां भाई थे। उनका जन्म बाल्मीकि ऋषि के आश्रम में हुआ था। बाल्मीकि रामायण में वर्णन है। लव-कुश का जन्म श्रावण मास की पुर्णिमा को हुआ था। महर्षि बाल्मीकि ने विभिन्न कलाओं में निपुण करते हुए शिक्षा प्रदान की। उन्होंने दोनों को रामायण भी पढ़ाई लेकिन उन्हें यह नहीं बताया कि प्रभु श्री राम दोनों के पिता हैं। एक बार श्रीराम ने अश्वमेघ यज्ञ के तहत श्वेत अश्व (घोड़ा) छोड़ा जिसे लव कुश ने पकड़ लिया। इसका मतलब था अयोध्या के राजा श्रीराम को चुनौती। घोड़े को ढूंढते हुए भरत, शत्रुघ्न, लक्ष्मण पहुंचे और लव कुश से युद्ध कर पराजित होकर लौटे। श्रीहनुमान जी गए जिन्हें लव कुश ने बंधक बना लिया तब प्रभु श्रीराम पहुंचे युद्ध हुआ निर्णय नहीं निकला। यज्ञ में लव कुश को आमंत्रित किया। उन्होंने माता सीता की व्यथा गाकर सुनाई, तब श्रीराम को पता चला कि यह मेरे पुत्र हैं। इसके बाद श्रीराम ने वानप्रस्थ लेने का निश्चय कर भरत का राज्याभिषेक करना चाह तो भरत नहीं माने। अत: दक्षिण कोसल प्रदेश में कुश का और उत्तर कोसल प्रदेश में लव का राज्याभिषेक कर राजा बना दिया।

कार्यक्रम में डा0 नितिन कौशिक, विकास यादव, इमरान खान, विनोद कुमार, पंकज बार्ष्णेय, मित्रपाल, बेनाम सिंह, रामचंद्र सिंह, सुरेशचंद्र शर्मा, राजबाला, सुमन पाठक, अंशु राघव, रामदास, देवेन्द्र कुमार, लेखराज, मनोज कुमार, वीरेश, ऋषिपाल, गौरव, राकेश, पुष्पेंद्र राहुल आदि मौजूद रहे।

# उप्र उद्योग व्यापार संगठन ने मनाया आबकारी मंत्री का जन्मदिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन महानगर द्वारा प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में प्रदेशअध्यक्ष/आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के 44 वे जन्मदिन पर मुरादाबाद के पदाधिकारियों ने बर्तन बाजार में केक काटकर बड़ी धूम धाम से मनाया और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 2027 के चुनाव में जिताने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील अग्रवाल महानगर महामंत्री,बरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता,रवि अग्रवाल,आशुतोष गुप्ता, राहुल अग्रवाल, प्रियम गुप्ता,आदेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सीओ को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति

## रैंक प्रतीक लगाकर किया सम्मानित, खेल कोटे से एएसपी बनने वाले प्रदेश में पहले अधिकारी बने अनुज चौधरी

**चन्दौसी।** चर्चित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी को उनके उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यनिष्ठा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) सम्भल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने औपचारिक रूप से रैंक प्रतीक/अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि अनुज कुमार चौधरी ने अपने सेवा काल में न केवल अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। पदोन्नति प्राप्त करने पर अनुज कुमार चौधरी ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पदोन्नति उनके लिए जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा बनेगी। बता दें कि अनुज चौधरी 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने खेल कोटे से चयन पाकर उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में प्रवेश किया था। इससे पहले 2005 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। अनुज चौधरी का नाम शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान




चर्चा में आया था, जब क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। उन्होंने सूझबूझ, संयम और निष्पक्षता के साथ हालात को संभाला और किसी भी अप्रिय घटना को टाल दिया। इसी प्रकार, होली और जुमा के बयान विवाद के दौरान भी उन्होंने प्रभावशाली तरीके से शांति व्यवस्था बनाए रखी। इन मामलों में उनकी भूमिका को जनता और प्रशासन, दोनों ने सराहा। अब अनुज चौधरी अब एडिशनल एसपी के रूप में कार्यभार संभालेंगे, जिससे उन्हें और अधिक प्रशासनिक अधिकार व जिम्मेदारियाँ प्राप्त होंगी। यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे विभाग और जनपद के लिए गर्व की बात है। अनुज चौधरी का एएसपी पद पर प्रमोशन सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके दृढ़ संकल्प, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव का सार्वजनिक सम्मान है।

# साहुपुर के पास बाघ दिखाई देने से लोग सहमे

## सीसीटीवी फुटेज से किया बाघ दिखाई देने का दावा

**कांठ।** शाहपुर गांव के पास देर रात बाघ दिखाई देने की सूचना से लोग सहम गए सीसी टीवी फुटेज के आधार पर लोगों ने बाघ दिखाई देने का दावा किया है। कुल मिलाकर ग्रामीणों ने अब खेतों पर जाने से पहले चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। बताया गया कि शाहपुर के प्रधान बदरुद्दीन का मकान सड़क किनारे बना हुआ है जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं रात में किसी वक्त वहां बाघ सड़क पार करता दिखाई दिया टॉर्च की रोशनी करने पर बाघ ने रुक कर उधर देखा भी लेकिन फिर वह आगे की ओर निकल गया। ग्राम प्रधान ने सीसीटीवी फुटेज निकाल कर बाघ के होने की सत्यता जांची, इसके बाद लोगों को इस बारे में जानकारी देकर सचेत किया गया। कुल मिलाकर इस घटना के बाद ग्रामीण सहमें हुए हैं और खेतों पर जाने से पहले पूरी चौकसी बरत रहे हैं।



# ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई

## विवादित जमीन पर कारिडोर बनाने पर दोनों देशों में बनी सहमति, ट्रम्प रूट होगा नाम



■ डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया
■ आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में छह और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग को खत्म कराने के लिए समझौता करा दिया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कारिडोर बनाने पर सहमति बनी है।

इस कारिडोर को ट्रम्प रूट फार इंटरनेशनल पीस एंड प्रास्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कारिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। दोनों नेताओं ने ट्रम्प और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। इस दौरान ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे। आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में 6 और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के साथ वार्ता शुरू की थी।

समझौते के बाद अगले हफ्ते से ट्रम्प रूट पर रेल, तेल-गैस पाइपलाइन और फाइबर आप्टिक लाइन विकसित करने पर बातचीत शुरू होगी। इसके अलावा, अमेरिका के साथ ऊर्जा, तकनीक और अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने के अलग-अलग समझौते भी हुए हैं। साथ ही आर्मेनिया और अजरबैजान ने एक पत्र पर हस्ताक्षर कर ओएससीई मिन्स्क ग्रुप को भंग करने की मांग की है। यह ग्रुप 1990 के दशक से रूस, फ्रांस और अमेरिका की अगुआई में इस विवाद का मध्यस्थ था।

### व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच अमेरिका 'आखिरकार शांति स्थापित करने में सफल' हो गया है। उन्होंने कहा कि इस शांति समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे'। ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के होने से हम अंततः शांति स्थापित करने में सफल हुए हैं, और हम अभी ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) से निकले हैं, जहां हमने समझौते के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस में अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रम्प ने इसे 'एक महत्वपूर्ण संयुक्त शांति घोषणा' बताते हुए कहा कि 35 साल से लड़ाई चल रही थी, और अब वे दोस्त हैं। दोनों देश-आर्मेनिया और अज़रबैजान हमेशा के लिए सभी युद्ध रोकने, व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों को खोलने और एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि आप दोनों के बीच अच्छे संबंध होंगे और अगर ऐसा नहीं होता है, तो मुझे फोन करें। ट्रम्प ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल को अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश का समर्थन प्राप्त होगा, जिससे पश्चिम एशियाई देशों और वाशिंगटन दोनों को ही पर्याप्त आर्थिक लाभ होगा।

समझौते से पहले ट्रम्प ने आर्मेनिया, अजरबैजान, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ट्रम्प ने कहा था कि यह शिखर सम्मेलन दक्षिण काकेशस क्षेत्र की संभावनाओं को पूरी तरह खोलने में मदद करेगा। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर कहा-1920 के दशक में, सोवियत संघ ने आर्मेनिया और अजरबैजान पर कब्जा कर लिया था। 1980 के दशक के दौरान सोवियत संघ का शासन कमजोर हुआ। इसके बाद 1988 में नागोर्नो-काराबाख की संसद ने आर्मेनिया के साथ जाने का फैसला किया। इससे इलाके में रहने वाले अजरबैजानी लोगों का गुस्सा बढ़ गया। दोनों समुदायों के बीच 1991 में हिंसक झड़पें तेज हो गईं। आर्मेनियाई लोग ईसाई हैं, जबकि अजरबैजानी तुर्किश मूल के मुस्लिम हैं। इन धार्मिक और सांस्कृतिक अंतरों ने दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और टकराव को बढ़ाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सांस्कृतिक विरासत और मस्जिदों-चर्चों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।



नई दिल्ली। आईटीओ पर बारिश के बीच जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।

## प्रवासियों के जबरन निर्वासन की समस्या से जूझ रहा अफगान

**काबुल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा है कि अफगानिस्तान पड़ोसी देशों से प्रवासियों के जबरन निर्वासन की सबसे बड़ी मुश्किलों से जूझ रहा है, जहां इसी वर्ष अब तक निर्वासित 15 लाख अफगानियों को वापस लाया गया है। अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के फैसले का ज़िक्र करते हुए संगठन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के बिना अफनिस्तान को एक गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फ़रहान हक़ ने कहा कि अफनिस्तान हाल के इतिहास में सबसे बड़े मुश्किलों में से एक का सामना कर रहा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन तत्काल अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान कर रहा है। सितम्बर 2023 से ईरान और पाकिस्तान से 40 लाख से ज्यादा अफन लौट चुके हैं, जिनमें से 15 लाख से जयादा अकेले 2025 में लौटें हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महिला ने एक रिपोर्ट में कहा है कि पड़ोसी देशों से निर्वासित प्रवासियों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और लड़कियों की है।

## हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने को तैयार

■ नेतन्याहू के गाजा पर कब्जा करने के प्लान पर कहा: यह पिकनिक नहीं भारी कीमत चुकानी होगी

**गाजा/ तेल अवीव।** फलस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास सभी बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है। इसके साथ ही उसने कहा कि इजरायल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी।

इससे पहले इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के आफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। करीब 10 घंटे चली बैठक के बाद बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं।

## ट्रम्प के टैरिफ का हुआ उल्टा असर: जॉन बोल्टन

### पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले: अमेरिका की बरसों पुरानी मेहनत बर्बाद हुई



■ भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीतियों को 'भारी भूल' बताया और कहा कि अमेरिका ने रूस और चीन को भारत से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश की थी लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए।

इससे भारत, रूस और चीन के करीब आ सकता है। बोल्टन ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें। बोल्टन बोले: दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जान बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रम्प की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार बिजनेस और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीसे से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं।

अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया था कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकार्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डालर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी।

ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से ट्रंप से नहीं मिले हैं। ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी। बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में पुतिन ने ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र-जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है।

## यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान होगा

### ट्रम्प-पुतिन मुलाकात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दी चेतावनी



■ यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा
■ यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले

**कीव।** अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान माना जाएगा।

15 अगस्त को होने वाली ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थाई शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन की आवाज को भी शामिल किया जाना चाहिए। यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा। यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले हैं। जेलेंस्की ने कहा कि कोई भी समाधान जो यूक्रेन के बिना हो, वह शांति के खिलाफ भी है। इनसे कुछ हासिल नहीं होगा। ये बेजान समाधान हैं, ये कभी काम नहीं आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलान किया कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प की इस घोषणा के बीच, मोर्चे पर लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों को कूटनीतिक हल की ज्यादा उम्मीद नहीं है। ट्रम्प ने लगभग दो हफ्ते पहले पुतिन को बमबारी रोकने का अल्टीमेटम दिया था और धमकी दी थी कि अगर रूस पीछे नहीं हटता तो अतिरिक्त प्रतिबंध और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। रूस की सेना धीरे-धीरे यूक्रेन में आगे बढ़ रही है और शहरों पर लगातार हमले कर रही है। जबकि यूक्रेन एक शांति समझौते के लिए तैयार है। यूक्रेन की शर्त से है कि उसे सैन्य रूप से खोए हुए क्षेत्रों को पुनः वापस दिया जाए। यूक्रेन को डर है कि अगर अमेरिका और रूस अकेले में बातचीत करते हैं तो उसकी बात सुनी नहीं जाएगी। जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने कई यूरोपीय नेताओं से फोन पर बातचीत की, ताकि यूक्रेन को समर्थन मिलता रहे। यूरोपीय देशों ने रूस के हमले का विरोध करते हुए यूक्रेन को समर्थन देने का वादा किया है।

## हथियारों की होड़ से हासिल नहीं की जा सकती शांति और सुरक्षा: गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। गुटेरेस ने कहा कि वह 80 साल पहले 09 अगस्त को नागासाकी पर हुये परमाणु हमले में मारे गए हजारों लोगों को याद करते हैं और उन लोगों के शोक में शामिल हैं जिन्होंने उस दिन अपने प्रियजनों को खो दिया था। उन्होंने उस हमले में जिदा बच्चे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## चीन बोला: पीएम मोदी का स्वागत है

### भारतीय प्रधानमंत्री गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

■ एसओसी समिट में शामिल होंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एसआसी) शिखर सम्मेलन के लिए स्वागत करता है। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद चीन की यात्रा करेंगे।

चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि, 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक होने वाले इस शिखर सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो।

## महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

■ जिम लवेल की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था। नासा की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फ़ॉरेस्ट में निधन हो गया। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा कि हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए-'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे। परिवार ने अपने बयान में कहा कि हमें उनके अद्भुत जीवन और करियर की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में अग्रणी उनके शानदार नेतृत्व ने भी योगदान दिया। गौरतलब है कि अपोलो 13 की कमान संभालने के लिए चुने जाने से पहले लवेल जेमिनी 7, जेमिनी 12 और अपोलो 8 मिशनों पर तीन बार अंतरिक्ष में जा चुके थे।

## नागासाकी पर परमाणु हमले के 80 साल पूरे

### दुनिया में आखिरी बार न्यूक्लियर बम नागासाकी पर गिरा था, जल गए थे 70 हजार लोग जिंदा



**टोक्यो।** जापान के नागासाकी में शनिवार को अमेरिकी परमाणु हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इस मौके पर हमले से बचे हुए लोगों ने कहा कि उनका शहर दुनिया का आखिरी स्थान बने, जहां परमाणु बम गिरा हो। 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया था। इसमें करीब 70000 लोग मारे गए। इस बम का नाम 'फैटमैन' था। इससे तीन दिन पहले यानी 6 अगस्त को अमेरिका ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इस बम का नाम लिटिल बाय था। इसमें 1.4 लाख लोगों की मौत हुई थी। इन हमलों के बाद 15 अगस्त 1945 को जापान ने सरेंडर कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी शांति प्रतिमा के सामने खड़े होकर लोगों ने हमले के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। नागासाकी प्रशासन ने सभी देशों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। हालांकि चीन ने बिना कारण बताए आने से इन्कार कर दिया। नागासाकी पीस पार्क में आयोजित समारोह में 95 देशों के प्रतिनिधि, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और नागासाकी के मेयर शिरो सुजुकी मौजूद रहे। कुल 3 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पिछले साल यह कार्यक्रम विवाद में आ गया था क्योंकि जापान ने इजराइल को आमंत्रित नहीं किया था, जिसके चलते अमेरिकी राजदूत और कई पश्चिमी देशों के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इन परमाणु हमलों से बचे 99,130 लोग अभी भी जिंदा है। इन्हें हिबाकुशा कहा जाता है। 1945 के मुकाबले इनकी संख्या सिर्फ एक चौथाई रह गई है और औसत उम्र 86 साल से अधिक है। जिंदा बचे लोगों में से कई लोग हमले के वक्त इतने छोटे थे कि उनकी यादें भी धुंधली हैं। बावजूद इसके वे परमाणु हथियारों के खत्म होने का सपना देख रहे हैं।

## अटलांटा में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी और संदिग्ध की मौत

**अटलांटा।** अमेरिका में अटलांटा के एमोरी विश्वविद्यालय में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और पुलिस की गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। गोलीबारी की ये घटना एमोरी विश्वविद्यालय और अमेरिकी सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंज प्रीवेन्शन(सीडीसी) के परिसरों के करीब हुई। पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4:50 बजे जानकारी मिली और उसने तुरंत कार्रवाई की। संदिग्ध व्यक्ति गोलीबारी की वजह से सीवीएस फार्मेसी के करीब दूसरी मंजिल पर फंस गया था। सीएनएन की खबर के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गोली से मरा या उसने खुद अपनी जान ली। अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस ने संदिग्ध की मौत की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि हमले के दौरान किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मेयर ने कहा कि इस समय परिसर में कोई खतरा नहीं है लेकिन जांच अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध सीडीएस भवन को निशाना बनाने के लिए आया था और बताया जाता है कि वह कोविड-19 टीके की वजह से बीमार था। सीएनएन की खबर के मुताबिक सीडीसी के एक कर्मचारी ने देखा कि संदिग्ध व्यक्ति एजेंसी के मुख्यालय में गोली चला रहा है।



# अदिति राव को आईएफएफ में मिलेगा डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिती राव आईएफएफएम 2025 में शिरकत करने जा रही हैं। अदिति एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हर मंच और मीडियम पर अपनी अदाकारी से पहचान बनाई है, चाहे वह मेनस्ट्रीम हो या इंडिपेंडेंट सिनेमा, ओटीटी हो या थिएटर, और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु जैसी भाषाओं में भी उन्होंने कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं।

उनके इसी बहुआयामी योगदान को सराहते हुए, उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिति राव हैदरी ने इस अवसर पर कहा कि मेलबर्न के इस खास फिल्म फेस्टिवल में गेस्ट ऑफ ऑनर बनना और डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।

मेलबर्न हमेशा से ही बहुत प्यार और अपनापन देने वाला शहर रहा है। यहां आकर सिनेमा के इतने जुनूनी दर्शकों के बीच खुद को सम्मानित होते देखना बेहद खास अनुभव है। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं उन सभी कलाकारों और सिनेप्रेमियों से मिलने का और इस फेस्टिवल की उर्जा को महसूस करने का। फेस्टिवल की डायरेक्टर मीतू भौमिक लैंगे ने कहा कि अदिति राव हैदरी, शालीनता और कला की सच्ची मिसाल हैं। उनका हर किरदार उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई को दर्शाता है। हम बेहद खुश हैं कि वह आईएफएफएम 025 का हिस्सा बन रही हैं और हम उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। उनकी मौजूदगी इस साल के आयोजन को और भी यादगार बना देगी।

### मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल में शामिल होने पर जताई खुशी

**मुंबई।** अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल शो में शामिल होने पर खुशी जताई है। इस बार स्टार प्लस ने रक्षाबंधन को अपने खास अंदाज़ में मनाया स्टार परिवार बहन का ड्रामा, भाई का स्वैग के साथ।

इस मजेदार और रंग-बिरंगे सेलिब्रेशन में ड्रामा, डांस और दोस्ती का पूरा तड़का देखने को मिला। इस खास मौके पर स्टार परिवार के सदस्य एक साथ जुटे और शुरू हुई झनक के लिए परफेक्ट भाई की तलाश। नए शो इशानी में लीड रोल निभा रही मेघा चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अपना अनुभव साझा किया।

# वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म वॉर-2 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को UA 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलाग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा। इशारे वाले सीन के ठीक एक मिनट फिल्म में अश्लील डायलाग को भी बदला गया है। इतना ही नहीं सीबीएफसी ने मेकर्स से सेंसुअल सीन पचास फीसदी तक कम करने को कहा है। लगभग 9 सेकंड की सेंसुअल फुटेज को फिल्म से हटाया गया है। माना जा रहा है कि यह कट्स कियारा आडवाणी के बिकिनी सीक्वेंस से जुड़े हैं। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्राफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी।

# बैदा अब प्राइम वीडियो पर उपलब्ध

**मुंबई।** साइ-फाई सुपरनैचुरल थ्रिलर बैदा अब प्राइम वीडियो पर रेंट पर देखने के लिए उपलब्ध है।

बैदा दर्शकों को एक रहस्यमय और डरावनी यात्रा पर ले जाती है, जिसमें आधुनिक थ्रिल और अलौकिक तत्वों का अनोखा मेल देखने को मिलता है। 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई इस फिल्म को इसकी अनोखी कहानी, दमदार निर्देशन और रोमांचक प्रस्तुतिकरण के लिए खूब सराहा गया है। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के एक दूरद. राज़ गांव की है, जहां लगातार रहस्यमई गायब होने की घटनाएं हो रही हैं। यहां एक पूर्व जासूस जो अब एक सेल्समैन बन चुका है, गांव पहुंचता है और खुद को एक रहस्यमई साए पिशाच के चंगुल में फंसा हुआ पाता है। जैसे-जैसे वह एक दूसरी दुनिया में खिचता चला जाता है, सच और झूठ का फर्क उसके लिए धुंधला होने लगता है। गांव वालों के साथ मिलकर वह पुरजोर को. शिश करता है खुद को मौत से बचाने के लिए और पिशाच के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए। बैदा उन चुनिदा भारतीय फिल्मों में से है जिस पर यूट्यूब पर कई एक्सप्लेनर वीडियो बनाए गए हैं, जिन्हें लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं। खासकर साइंस फिक्शन और सुपरनैचुरल प्रेमियों के बीच इस फिल्म की डिजिटल रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार था।

# पति फहाद अहमद को छपरी कहने पर भड़कीं स्वरा भास्कर



**मुंबई।** एक्ट्रेस स्वरा भास्कर और उनके राजनेता-पति फहाद अहमद इस वक्त पति पत्नी और पंगा रियलिटी शो को लेकर सुर्खियों में हैं। शो में फहाद को देखकर एक ट्रोल ने मजाक उड़ाते हुए उन्हें छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कह दिया। इस बात पर स्वरा ने भी उस ट्रोल को आड़े हाथों लिया है। स्वरा ने एक्स पर उस यूजर की प्रोफाइल का स्क्रीनशाट शेयर किया है। रो. हित नाम के उस शख्स ने अपने पोस्ट में लिखा था-परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टाक शो में ले जाते हुए देखने के बाद, स्वरा भास्कर ने भी ऐसा ही करने के बारे में सोचा। वो अपने डोंगरी के छपरी वाले पति को एक रियलिटी शो में ले गई। पीआर तो छोड़िए, उसका पति डोंगरी का कोई रेहड़ी वाला लग रहा था। जवाब में स्वरा स्क्रीनशाट शेयर करते हुए लिखती हैं-यह मूर्ख जो खुद को एक गौरवशाली हिंदू और अंबेडकरवादी दोनों बताता है, उसे यह नहीं पता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है। एक अपमान. जनक शब्द जिसका इस्तेमाल उस समुदाय का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो छप्पर या फूस की झोपड़ियां बनाते हैं। डोंगरी या कहीं भी स्ट्रीट वेंडर होने में कुछ भी गलत नहीं है, तुम जातिवादी/वर्गवादी और कचरा दिमाग वाले हो। बता दें कि स्वरा और फहाद फिलहाल कलर्स चैनल के रियलिटी शो का पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हैं। इस शो को एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी होस्ट कर रहे हैं। इस शो में फेमस सेलिब्रिटी कपल को दिखाया जाता है। उनके रिश्तों को परख और उनकी केमिस्ट्री को चुनौती दी जाती है।



# ऑडिशन के नाम पर रेस्टोरेंट में रोने को कहा

**मुंबई।** सैयारा फिल्म में अनीत पड्डा की कास्टिंग फेमस कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने की थी। हाल ही में शानू ने द हालीवुड रिपोर्टर इंडिया के लिए अनुपमा चोपड़ा को एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया, जिसमें वो अनीत की कास्टिंग प्रोसेस पर बात करते नजर आईं। शानू ने इस इंटरव्यू का अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी किया है। अब उस पोस्ट पर 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस ईशा तलवार ने कुछ ऐसा कमेंट किया है, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। शानू के पोस्ट पर ईशा ने अपने आडिशन का किस्सा शेयर करते हुए नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे शानू और उनकी टीम ने उनका आडिशन लिया था, जिसकी वजह से उनका कान्फिडेंस पूरी तरह टूट गया था।


वो लिखती हैं- जब मैंने रोल के लिए शानू को आडिशन देना शुरू किया, मुझे मुंबई के वर्सोवा में मिया कुचीना रेस्टोरेंट में एक सीन करने के लिए कहा गया। एक बिजी रेस्टोरेंट के बीच में एक रोने वाला सीन, जिसमें कस्टमर मेरी टेबल के बगल में खाना खा रहे थे। मुझे कहा गया कि एक एक्टर के रूप में मुझमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए और इसलिए मुझे शानू और उसके कुछ असिस्टेंट के सामने बैठकर रोने वाला सीन करना चाहिए। यह एक बहुत ही कंफ्यूजिंग और अजीब डिमांड थी।

इसने फिल्मों में एक यंग लड़की के तौर पर मेरे कान्फिडेंस को बुरी तरीके से तोड़ दिया। मैं समझ नहीं पा रही थी कि एक सीनियर कास्टिंग डायरेक्टर को एक यंग लड़की को इस स्थिति से क्यों गुजारना है। वो आगे लिखती हैं- उचित तो यह होता कि एक्टर को आडिशन देने के लिए एक अच्छा कास्टिंग आफिस प्लेस दिया जाए।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# नवम्बर में आएगा राजामौली का बड़ा सरप्राइज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एस एस राजामौली ने बताया है कि उनकी फिल्म का खुलासा नवम्बर 2025 में होगा।

एस एस राजामौली वाकई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े निर्देशकों में से एक हैं। अपने शानदार विज़न के साथ उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइज़ और आरआरआर जैसी अब तक की सबसे बड़ी और लाजवाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने से लेकर पैन-इंडिया फिल्मों का ट्रेंड तय करने तक, वे भारतीय सिनेमा की दिशा बदलने वाले शख्स हैं। जहां दर्शक हमेशा यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनकी की अगली फिल्म क्या होगी, वही अब उन्होंने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक हिट दे दिया है। उन्होंने मेगा अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि इस फिल्म से जुड़ा बड़ा खुलासा नवम्बर 2025 में होगा। हाल ही में एस एस राजामौली ने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी चर्चित आने वाली फिल्म को लेकर एक मेगा अनाउंसमेंट कर सबको चौंका दिया।

इस फिल्म के भव्य पैमाने ग्लोबट्रॉटर का जिक्र करते हुए उन्होंने नवम्बर 2025 में एक ऐसा खुलासा करने की बात कही। उन्होंने सस अपने सोशल मीडिया पर एक असरदार तस्वीर शेयर की, जिसमें एक व्यक्ति के सीने पर एक लटकता हुआ लॉकेट नजर आ रहा था। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा द फर्स्ट रिवील इन नवम्बर 2025 ग्लोब ट्रॉटर इसके अलावा, उन्होंने एक नोट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, प्रिय भारत और दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों, साथ ही महेश के फैंस, काफी समय हो गया है जब से हमने शूटिंग शुरू की है और हम आपके इस फिल्म को लेकर उत्साह की सराहना करते हैं, लेकिन इस फिल्म की कहानी और दायरा इतना बड़ा है कि मुझे लगता है, सिर्फ तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस इसके साथ न्याय नहीं कर सकते। हम इस समय कुछ ऐसा तैयार कर रहे हैं, जो हम जिस दुनिया को बना रहे हैं, उसकी असलियत, गहराई और अनुभव को दर्शा सके। इसे हम नवम्बर 2025 में पेश करेंगे और हम इसे एक ऐसा खुलासा बनाने की कोशिश में हैं, जो पहले कभी नही देखा गया हो। आप सभी के धैर्य के लिए धन्यवाद। कैप्शन में आगे लिखा है,मेरे सभी ग्लोब ट्रॉटर के चाहने वालों के लिए। इस ऐलान ने एक बार फिर एसएस राजामौली के नवम्बर 2025 में होने वाले बड़े खुलासे को लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। जहां उनके सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अगले प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी बातें हो रही हैं, वहीं यह ऐलान न सिर्फ इन चर्चाओं को और बढ़ाएगा बल्कि उत्साह को भी अपने ऊंचे स्तर पर पहुंचा देगा। अब देखना है कि पर्दा किस रूप में उठता है।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108